

बुद्धिसागरः

(हिन्दी-अनुवादसहितः)

कवि-सङ्ग्रामसिंहसोनी-विरचितः

बुद्धिसागरः

(हिन्दी-अनुवादसहितः)

श्रुतभवन संशोधन केन्द्र

पुणे

ग्रंथनाम : **बुद्धिसागर**

विषय : **उपदेश, नीति**

कर्ता : **कवि संग्रामसिंह सोनी**

संपादक : **मुनिवैराग्यरतिविजयगणी**

प्रकाशक : **© श्रुतभवन संशोधन केन्द्र**

पत्र : ३०+९८=१२८

आवृत्ति : प्रथम, वि.सं.२०७२, ई.२०१६

मूल्य : १०० रु.

~: प्राप्तिस्थल :~

पूना : **श्रुतभवन संशोधन केन्द्र,**
४७/४८ अचल फार्म, आगममंदिर से आगे,
सच्चाइ माता मंदिर के आगे, कात्रज, पुणे-४११ ०४६
Mo. 7744005728 (9-00 a.m. to 5-00 p.m.)

अहमदाबाद : **श्रुतभवन (अहमदाबाद शाखा)**
उमंग शाह, अर्हम् फ्लेक्सीपेक, २०१, तीर्थराज कोम्प्लेक्स, एलीसब्रीज,
वी. एस. हॉस्पिटल के सामने, मादलपुर, अहमदाबाद-६
Mo. 9825128486

मुंबई : **श्री गौरवभाई शाह**
सी/१११, जैन एपार्टमेंट, ६० फीट रोड,
देवचंद नगर रोड, भायंदर (वेस्ट)
मुंबई-४०११०१. मो.०९८३३१३९८८३

सुरत : **श्री मितुलभाई धनेशा**
C/o. सिया मेन्युफेक्चरींग, सुखदेव कोम्प्लेक्स, २ री मंझिल,
टोरंट पॉवर हाऊस के पास, वास्तादेवी रोड, कतारगाम, सुरत-३९५००४
मो. ०९३७७०५९६७३

मुद्रण : **धर्मेश पटेल,** अहमदाबाद

प्रकाशकीय

अनुवाद सहित **बुद्धिसागर** श्री संघ के करकमल में समर्पित करते हुए हमें आनन्द की अनुभूति हो रही है। श्रुतभवन संशोधन केन्द्र के सन्निष्ठ समर्पित सहकारिगण की कडी महेनत और लगन से यह दुर्गम कार्य सम्पन्न हुआ है। इस अवसर पर श्रुतभवन संशोधन केन्द्र के संशोधन प्रकल्प हेतु गुप्तदान करने वाले दाता एवं श्रुतभवन संशोधन केन्द्र के साथ प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप से जुडे हुए सभी महानुभावों का हार्दिक अभिनन्दन करते है। हम उन संस्था एवं विद्वानों के भी आभारी है जो हमारा मार्गदर्शन और सहाय करते है-

पू.आ.श्री कैलाससागरसूरिजी ज्ञानमंदिर,श्री महावीर जैन आराधना केन्द्र, कोबा।

श्री लालभाई दलपतभाई भारतीय संस्कृति विद्यामंदिर, अमदावाद।

भाण्डारकर प्राच्यविद्या संशोधन संस्थान,पुणे

पद्मश्री कुमारपाळ देसाई, डॉ. श्री जितेन्द्र बी. शाह, श्री बाबुभाई सरेमलजी ।

इस ग्रन्थ के प्रकाशन का अलभ्यलाभ सरस्वतीलब्धप्रासाद परम पूज्य आचार्यदेव श्रीमद् विजय **रत्नसुंदरसूरीश्वरजी** म.सा.की पावन प्रेरणा से **श्री माटुंगा जैन श्वेतांबर मूर्तिपूजक तपगच्छ संघ माटुंगा, मुंबई** ने ज्ञानद्रव्य से प्राप्त किया है। आपकी अनुमोदनीय श्रुतभक्ति के लिये हम आपके आभारी है।

भरत जगमोहनदास शाह
(मानद अध्यक्ष)

श्रुतप्रेमी

सरस्वतीलब्धप्रासाद परम पूज्य

आचार्यदेव श्रीमद् विजय रत्नसुंदरसूरीश्वरजी म.सा.की

पावन प्रेरणा से

श्री माटुंगा जैन श्वेतांबर मूर्तिपूजक तपगच्छ संघ

माटुंगा, मुंबई

(ज्ञानद्रव्य से)

श्रीसङ्ग्रामसोनीविहितस्य बुद्धिसागरस्योपक्रमः

ग्रन्थोऽयं यथार्थाभिधानो बुद्धिसागरो विपश्चितामुपदीक्रियमाणः गृह्यतां करकुशेशये कोविदैः।

अस्मिन् हि ग्रन्थरत्ने श्रीमद्भिः सङ्ग्रामसिंहैः प्रकरणापराभिधानास्तरङ्गा निवेशिताश्चत्वारः, ते च क्रमेण धर्मनयव्यवहारप्रकीर्णकाख्याः।

यद्यपि लघुतमोऽयं ग्रन्थस्तथापि चाणक्यकामन्दक्यादिनीतिशास्त्राणामिव शिशूनां व्यवहार-परायणानां चातीव उपयुक्त इति मुद्रणमस्यादृतं संस्थयाऽनया।

यथायथं लोकोपयोगिनः सर्वेऽपि विषया अस्मिन् निवेशिता इति ग्रन्थः पाठोपयुक्तोऽयम्।

कर्ता चास्यालावदीनसत्कसाङ्गणान्वयी श्रीनरदेवतनूजः सङ्ग्रामसिंहो मालवाधिपमहमूद-भाण्डागारिको येन श्रीमक्षीपार्श्वचैत्यं समुद्दध्रे।

कृतिश्चास्य निजामजययात्रायां प्रतिष्ठानपुरे इति स्पष्टं प्रशस्तावस्य[१]।

१९९३ वैशाख शुक्ला १३

निवेदका
आनन्दसागराः

१. मुद्रिताया आवृत्तेरुपोद्घातः।

कृतज्ञता

मेरे परम उपकारी परम पूज्य आचार्यदेव श्रीमद् विजय **रामचंद्रसूरीश्वरजी महाराजा,** पितृगुरुदेव परम पूज्य मुनिप्रवरश्री **संवेगरति विजयजी** म.सा.की पावन कृपा, बंधुमुनिवरश्री **प्रशमरतिविजयजी** म.का स्नेहभाव मुनिराजश्री **संयमरतिविजयजी** तथा पू. आ. श्री विजय **अभयदेवसू.म.** के शिष्य मुनिराजश्री **जिनरत्नविजयजी** म. के शिष्य मुनिराजश्री **प्रभुशासनरत्नविजयजी** म. एवं परम पूज्य साध्वीजी **श्रीहर्षरेखाश्रीजीम.** की शिष्या साध्वीजी **श्रीजिनरत्नाश्रीजीम.** का निरपेक्ष सहायकभाव मेरी प्रत्येक प्रवृत्ति की आधारशिला है। आपके उपकारों से उऋण होना संभव नहीं है।

संपादन के इस कार्य में मुझे **पूज्य आ.श्री मुनिचंद्रसू.म.** का मार्गदर्शन, प्रेरणा एवं सहायता प्राप्त होती रही है। आपकी उदारचित्तता को शत शत नमन। संपादन कार्य में श्रुतभवन संशोधन केन्द्र के सभी संशोधन सहकर्मिओं ने भक्ति से सहकार्य किया है, अतः वे साधुवादार्ह है।

- वैराग्यरतिविजय
श्रुतभवन,पुणे
२७.५.१३

संपादकमंडल

मुनिश्री वैराग्यरतिविजयगणि (अभिवीक्षक),

अमित उपाध्ये (संपादन सहायक) **शैलेश शिंदे** (प्रकल्प प्रमुख) **तुषार सुर्वे** (अनुवाद सहायक)

अतुल मस्के (अनुवाद सहायक) **विनय गायकवाड** (अनुवाद सहायक) **दिनेश उदागे** (अनुवाद सहायक)

शैलेश पवार (सहायक), **कृष्णा माळी** (सहायक), **गणेश खेडकर** (सहायक),

भालचंद्र रोडे (सहायक), **भूपत वंश** (सहायक), **भरत शिंदे** (सहायक)

सिद्धनाथ गायकवाड (प्रबंधन सहायक) **वर्धमानजिनरत्नकोश विभाग** (सहायक)

संपादकीय

प्रस्तावना

संस्कृत वाङ्मय में नीतिशास्त्र पर विपुल मात्रा में साहित्य का निर्माण हुआ है। चाणक्यनीति, कामन्दकीय नीतिसार आदि उसी प्रकार के ग्रंथ है। जैन परम्परा में भी नीतिशास्त्र पर रचना मिलती है। इस में सर्वप्रथम आचार्य सोमदेवसूरि का कार्य महत्त्वपूर्ण है। जिस प्रकार चाणक्य ने चन्द्रगुप्त के लिए अर्थशास्त्र की रचना की उसी प्रकार आचार्य सोमदेवसूरिजी ने राजा महेन्द्र के लिए नीतिवाक्यामृत ग्रंथ की रचना की। अल्पाक्षरी और मनोरम होने के कारण कौटिल्य अर्थशास्त्र से भी ज्यादा सरस लगता है। इस ग्रंथ पर हरिबल इस विद्वान ने टीका लिखी है। प्राकृत साहित्य में बृहदर्हन्नीतिशास्त्र इस ग्रंथ के आधार पर आचार्य हेमचंद्रसूरिजी ने लघु-अर्हन्नीति यह संस्कृत पद्यात्मक छोटा ग्रंथ लिखा। महाराज कुमारपाल के लिए यह ग्रंथ निर्माण हुआ। धर्म के अनुसार राजनीति का उपदेश इस ग्रंथ में किया गया है।

बुद्धिसागर यह उसी में से एक प्रयत्न है। संग्रामसिंह सोनी के द्वारा लिखित बुद्धिसागर ग्रंथ विविध विषयों से समृद्ध है। नीति के साथ ही अन्य विषयों पर इस ग्रंथ में विचार किया गया है।

जिनरत्नकोश[१] इस नाम से जैन हस्तलिखित की बृहत् सूचि तैयार की गई है। इसमें बुद्धिसागर नाम से तीन कृतियों का उल्लेख है। १) आ.श्रीबुद्धिसागरसू. कृत बुद्धिसागर व्याकरण २) संग्रामसिंह सोनी कृत बुद्धिसागर। ३) अज्ञात कर्तृक बुद्धिसागर

पार्श्वभूमि

प्रस्तुत ग्रंथ सामान्यरूप से दुर्लक्षित रहा है ऐसा प्रतीत होता है। ई.स.१९३६ में एक हस्तप्रत के आधार पर इस ग्रंथ का संपादन पूज्य आचार्य श्रीआनंदसागरसूरीश्वरजी म.ने किया जिसका प्रकाशन ऋषभदेव केसरीमलजी श्वेतांबर संस्था, रतलाम द्वारा वि.सं.१९९३ (ई.१९३६)में हुआ है। पूज्य आचार्य भगवंत ने किस हस्तप्रत के आधार से संपादन किया है? यह लिखा नहीं अतः इस ग्रंथ का संशोधित पाठ तैयार करने हेतु विविध हस्तलिखित ग्रंथभंडार में उपलब्ध सभी हस्तप्रतों का अभ्यास करके इस ग्रंथ का एक सर्वमान्य, संशोधित और चिकित्सक पाठ निश्चित करना इस संपादन का हेतु है। यह ग्रंथ धर्म और व्यवहार दोनों स्तर पर महत्त्व का है। सर्वजन-उपयोगी और सर्वजन-ग्राह्य नीतिपरक उपदेश प्रस्तुत ग्रंथ का विषय है अतः इसका भाषांतर भी किया है।

---

१. सं.-हरि दा. वेलणकर, प्र.भांडारकर प्राच्यविद्या संशोधन संस्था

संशोधन का उद्देश्य

जैन संस्कृत वाङ्मय के नीतिशास्त्र के ग्रंथ आज भी अधिकतर प्रकाशित नहीं हुए। इसी के साथ इस ग्रंथ के कर्ता अल्पपरिचित है। सामान्यरूप से जैन वाङ्मय के ग्रंथकर्ता साधु-आचार्य ही रहते है। मात्र इस ग्रंथ के कर्ता संग्रामसिंह सोनी गृहस्थ है। इस ग्रंथ से संग्रामसिंह सोनी की जानकारी मिलती है। इस कारण से भी यह ग्रंथ महत्त्वपूर्ण है। इस संशोधन के कारण जैन संस्कृत साहित्य के इतिहास में महत्त्वपूर्ण योगदान होगा।

संशोधन के आवश्यक साधन

प्रस्तुत संशोधन के लिए इस ग्रंथ के विविध भंडार में से कुल आठ हस्तप्रतों का उपयोग किया है। जिनरत्नकोश में बडोदा, सुरत, महेसाणा, खंभात आदि स्थान में भी इस ग्रंथ की हस्तप्रत का उल्लेख है। मद्रास विश्वविद्यालय के ओर से प्रकाशित NCC (National Catalogues Catalogrum) सूचिपत्र के चौदवें (१४) खंड के अनुसार लाहोर (पंजाब) जैन भंडार, Archibald Edward Grough कलकत्ता आदि स्थानों पर इस हस्तप्रत का उल्लेख है।

हस्तप्रत का भौतिक विवरण

१) **हस्तप्रत भंडार का नाम-** भांडारकर प्राच्यविद्या संशोधन संस्था, पुणे

हस्तप्रत का संक्षिप्त नाम- भां२९६, **हस्तप्रत का संदर्भांक-** १८७१-७१/२९६, **पत्रसंख्या-** १५ (पूर्ण), **प्रतिपृष्ठ पंक्तिसंख्या-** ११, **प्रतिपंक्ति अक्षरसंख्या-** ४८, **स्थिति-** उत्तम, **लेखन प्रशस्ति**- नहीं है।

२) **हस्तप्रत भंडार का नाम-** ओरिएन्टल इन्स्टिट्यूट(संस्कृत विभाग), महाराज सयाजीराव युनिवर्सिटी, बडोदा, गुजरात।

हस्तप्रत का संक्षिप्त नाम- ओ २८७८, **हस्तप्रत का संदर्भांक-** २८७८, **पत्रसंख्या-** २९,प्रतिपृष्ठ **पंक्तिसंख्या-** ९, **प्रतिपंक्ति अक्षरसंख्या-** २८, **स्थिति-** उत्तम, **लेखन प्रशस्ति-**

॥शार्दूलविक्रीडितम्॥

अस्ति श्रीवटपत्तने क्षितिपतिः श्रीमान् मनीषी वशीकर्तुं पुस्तकसङ्ग्रहं धृतरतिर्ग्रन्थालये वै निजे।

भर्ता गुर्जरनीवृतोऽखिलकलाविद्यादिरक्तः सदा ख्यातो यश्च शियाजिराववसुधाधीशो गुणैरुज्ज्वलैः॥१॥

॥उपगीति॥ तच्छिष्यो गोसाई यस्वन्तभारतीशिष्यः। नारायणपदपूर्वो भारतीः कोविदप्रसङ्गी॥२॥

॥अनुष्टुप्॥ व्योमवेदाङ्कशुभ्रांशुसख्येषु हायनेषु च। गतेषु विक्रमान्नूनं दुर्मुखाभिधवत्सरे॥३॥

माघमासेऽसिते पक्षे तृतीयायां गुरोर्दिने। पत्तनेऽसोऽणहिल्लाख्ये ग्रन्थमेतमलीलिखत्॥४॥
ग्रन्थाग्रन्थश्लोकसङ्ख्या ४०२।

३) **हस्तप्रत भंडार का नाम-** आ. श्री. कैलाससागरसूरि ज्ञानमंदिर, श्री महावीर जैन आराधना केंद्र, कोबा, गांधीनगर, गुजरात।

हस्तप्रत का संक्षिप्त नाम- को१५९३२, **संदर्भांक-** १५९३२, **पत्रसंख्या-** १९, **प्रतिपृष्ठ पंक्तिसंख्या-** १२, **प्रतिपंक्ति अक्षरसंख्या-** ३३, **स्थिति-** उत्तम, **लेखन प्रशस्ति-** प्रत २) के समान। लिखितंग लयाराम धनजी

४) **हस्तप्रत भंडार का नाम-** आ. श्री. कैलाससागरसूरि ज्ञानमंदिर, श्री महावीर जैन आराधना केंद्र, कोबा, गांधीनगर, गुजरात

संक्षिप्त नाम- को२०००८, **संदर्भांक-** २०००८, **पत्रसंख्या-** १५, **प्रतिपृष्ठ पंक्तिसंख्या-** १३, **प्रतिपंक्ति अक्षरसंख्या-** ४४ **स्थिति-** उत्तम, **लेखन प्रशस्ति-** प्रत २) के समान

५) **हस्तप्रत भंडार का नाम-** मोहनलाल जैन श्वेतांबर ज्ञानभंडार, गोपीपुरा, सुरत

संदर्भांक- पो./७६/५०५, **पत्रसंख्या-** १७, **प्रतिपृष्ठ पंक्तिसंख्या-** १२, **प्रतिपंक्ति अक्षरसंख्या-** ३५, **स्थिति-** उत्तम, **लेखन प्रशस्ति-** प्रत २) के समान। लया॥ जेनरायण संम(व)त १९५९रा मीती काती वदी ४

६) **हस्तप्रत भंडार का नाम-** मोहनलाल जैन श्वेतांबर ज्ञानभंडार, गोपीपुरा, सुरत

संदर्भांक- पो./७६/५०६, **पत्रसंख्या-** १७, **प्रतिपृष्ठ पंक्तिसंख्या-** १२, **प्रतिपंक्ति अक्षरसंख्या-** ३५, **स्थिति-** उत्तम, **लेखन प्रशस्ति-** नही है।

७) **हस्तप्रत भंडार का नाम-** मोहनलाल जैन श्वेतांबर ज्ञानभंडार, गोपीपुरा, सुरत

संदर्भांक- पो./७६/५०७, **पत्रसंख्या-** ११, **प्रतिपृष्ठ पंक्तिसंख्या-** १४, **प्रतिपंक्ति अक्षरसंख्या-** ४८, **स्थिति-** उत्तम, **लेखन प्रशस्ति-** प्रत २) के समान।

८) **हस्तप्रत भंडार का नाम-** जैनानन्द पुस्तकालय, गोपीपुरा, सुरत

संदर्भांक- ९१२, **पत्रसंख्या-** ७, **प्रतिपृष्ठ पंक्तिसंख्या-** १९, **प्रतिपंक्ति अक्षरसंख्या-** ६० **स्थिति-** उत्तम, **लेखन प्रशस्ति-** प्रत २) के समान।

सभी हस्तप्रत कागज की है और लिपि देवनागरी है। अक्षर सुवाच्य एवं बहुधा स्पष्ट है।

हस्तप्रत का आंतरिक विवरण

उपयुक्त आठ हस्तप्रत में क्रमांक १ एवं क्रमांक २ उपलब्ध हस्तप्रतों में प्राचीनतम लगती है। क्रमांक १ में लेखनकाल का उल्लेख नहीं है फिर भी अनुमान से पंद्रहवी-सोलहवी शताब्दि की लगती है। अर्थात् कृतिरचना समय (वि.सं.१३८५) के करीब है।

क्रमांक २ हस्तप्रत वि.सं.१९४० में लिखी गई है। लेखन प्रशस्ति के अनुसार यह हस्तप्रत वडोदरा के राजा सयाजीराव ने अपने ग्रंथालय में संग्रह करने हेतु लिखवाई है। गोस्वामी यशवंतभारती के शिष्य गोस्वामी नारायणभारती ने वि.सं.१९४० में दुर्मुख नामक वर्ष में माघ महिने की तृतीया तिथि में गुरुवार के दिन अणहिलपुर पाटण में लिखी है। हस्तप्रत क्रमांक ३, ४, ५, ७, और ८ में यही लेखन प्रशस्ति मिलती है। हस्तप्रत

क्रमांक ५ वि.सं. १९५९ कार्तिक वद ४ के दिन जयनारायण ने लिखी है। हस्तप्रत क्रमांक ३ लयाराम धनजी ने लिखी है। हस्तप्रत क्रमांक ५ में लेखन प्रशस्ति से पूर्व लया ऐसे अक्षर दिखते है अतः यह अनुमान हो सकता है कि यह हस्तप्रत, हस्तप्रत क्रमांक ३ की प्रतिकृति है। इस अवलोकन से यह नतीजा नीकलता है कि— हस्तप्रत क्रमांक २, ३, ४, ५, ७, और ८ एक कुल की है। हस्तप्रत क्रमांक १ और ६ एक कुल की है। हस्तप्रत क्रमांक १ और ६ का कुल प्राचीन है। उपयुक्त आठ हस्तप्रत में हस्तप्रत क्रमांक १, २, ३ और ४ संशोधित है। हस्तप्रत क्रमांक ३ में लेखकने नहीं समज में आने वाले पाठ की जगह खाली रखी है। हस्तप्रत क्रमांक २ में कीसी वाचकने पेन्सील से कठिन शब्द के अर्थ लिखे है।

समीक्षात्मक संपादन

भारत की समृद्ध ज्ञानपरंपरा में असंख्य हस्तप्रत लिखी गई है। इन हस्तप्रतों का रक्षण, देखभाल और उस पर अध्ययन करने के लिए हस्तलिखितशास्त्र का उदय हुआ। किसी भी हस्तलिखित का सर्वमान्य पाठ निश्चित करना यह हस्तलिखितशास्त्र के क्षेत्र में आता है। इसी को चिकित्सक संपादन कहते है। एक ही ग्रंथ की अनेक क्षेत्र में अलग-अलग समय में लिखी हुई अनेक हस्तप्रत होती है। परंतु सर्व हस्तलिखितों में समान ही पाठ(Text) रहता है ऐसा नहीं है। विविध कारणों से मूल ग्रंथ में अनेक अशुद्धि, प्रक्षेपक भाग मिलता है। इसी कारण मूलपाठ निर्धारण यह हस्तलिखितशास्त्र का महत्त्व का अंग है। इसी को हस्तलिखितशास्त्र में चिकित्सक संपादन या समीक्षात्मक संपादन कहते है। चिकित्सक संपादन की व्याख्या इस प्रकार है—

Textual Criticism is methodical exercise of human intellect on the settlement of texts.

मानवीय बुद्धि के द्वारा किसी भी ग्रंथ का पाठनिर्धारण के लिए विशिष्ट शास्त्रीय पद्धति के द्वारा किया गया प्रयत्न पाठसंपादन है ऐसा कहते है।

संपादन की पद्धति

उपलब्ध हस्तप्रत के आधार पर चिकित्सक संपादन करते समय सारग्राही संपादन पद्धति का उपयोग किया गया है।

प्रस्तुत संपादन प्रधानतया हस्तप्रत क्रमांक १ और २ के आधार पर किया है। प्राचीन कुल की हस्तप्रत के पाठ को प्रधान गिना है। पाठ संशोधन हेतु हस्तप्रत क्रमांक ३ और ४ का आधार लिया है। अन्य हस्तप्रत नवीन एवं अनुकरणात्मक है अतः आवश्यकतानुसार उनका उपयोग किया है।

पूज्य आचार्य श्रीआनंदसागरसूरीश्वरजी म.का मुद्रित संपादन हस्तप्रत क्रमांक १ अथवा ६ के आधार पर हुआ है ऐसा लगता है।

नवीन कुल की प्रत में कुछ एक पाठ छूट गया है। (द्रष्टव्य श्लोक—१७७(२.९०), १९४(२.१०७), २०४ (३.१०), २१८(३.२४), २२२ (३.२८), २२३ (३.२९), २२५(३ ३१) इत्यादि) हमने हस्तप्रत क्रमांक १ (भां२९६) का पाठ आधारभूत माना है।

अशुद्ध प्रतीत होने वाले पाठ के बाद ( ) अर्धवृत्ताकार कोष्ठ में शुद्ध प्रतीत होने वाला पाठ रखा है।

पतित पाठ [ ] चौरस कोष्ठ में रखा है।

अधिक पाठ { } धनुषाकार कोष्ठ में रखा है।

संस्कृत के प्रारंभिक अभ्यासकों की सुविधा हेतु श्लोकों का अन्वय किया है।

संस्कृत भाषा से अनभिज्ञ पाठकों के लिये हिंदी भाषा में भावानुवाद प्रस्तुत है। अनुवाद के लिये अनेक प्रकारकी सहायक सामग्री (Testimonia) का आधार लिया है।

परिशिष्ट-१ में श्लोकों का अकारादि क्रम है।

परिशिष्ट-२ में संदर्भग्रंथ सूचि है।

बुद्धिसागर ग्रंथ नैतिक उपदेश के साथ एक ऐतिहासिक संदर्भ लेकर आता है। इस ऐतिहासिक संदर्भ को समजे बिना बुद्धिसागर का यथार्थ मूल्यांकन नही हो सकता। जिस समय में बुद्धिसागर की रचना हुइ उस के समग्र परिवेश से अवगत होना आवश्यक है। बुद्धिसागर के रचयिता कवि संग्रामसिंह सोनी एक राजनीति में व्यस्त गृहस्थ थे। तत्कालीन राजनीति में सामरिक रूप से मालवा भारत का केंद्रवर्ती था और मालवा के केंद्रवर्ती संग्रामसिंह सोनी थे। इस ग्रंथ का विषय भी रोचक है। प्रास्ताविक सामग्री में इन सभी विषयों के अनुरूप लेख प्रस्तुत है। 'मध्यकालीन भारत' नामक लेख ग्रंथ, ग्रंथकार और की पार्श्वभूमि को उजागर करता है। यह लेख Jainism In Medieval India (1300-1800) (आंग्लानुवाद-एस. एम. पहेदिया)का सारोद्धार है। हम ऐसे अभ्यासपूर्ण लेख के लेखक प्रति कृतज्ञ है। 'संग्रामसिंह सोनी' नामक लेख में ग्रंथकार की ऐतिहासिक और धार्मिक पृष्ठभूमि परिलक्षित होती है। इस के लेखक श्रीभद्रबाहुविजय है। यह लेख आनंद-कल्याण(वर्ष-१ अंक-२) से उद्धृत है। आनंदजी कल्याणजी पेढी ने इसे प्रगट करने की अनुमति प्रदान की अतः हम लेखक एवं पेढी के कृतज्ञ है। परिचय में बुद्धिसागर का आंतरिक अवलोकन है।

संदर्भ सामग्री के अभाव से चाहते हुए भी हम विषय के अनुरूप सभी संदर्भ प्रस्तुत नहीं कर पाये इसके लिये क्षमा चाहते है।

प्रस्तुत सम्पादन बुद्धिसागर के भावार्थ को समझने में सहायक होगा ऐसे विश्वास के साथ विद्वत्पुरुषों को प्रार्थना करते है कि सम्पादन में रह गई त्रुटियों को सुधारकर हमें सूचित करने का अनुग्रह करें।

-सम्पादकगण

मध्यकालीन भारत में जैनधर्म

ई.स. १३०० से ई.स. १८०० तक ५०० साल का कालखंड मध्ययुग के नाम से प्रसिद्ध है। इस युग में भारत की धार्मिक परंपरा दो भाग में विभक्त थी। एक, हिंदुधर्म (सनातनधर्म) दो, जैनधर्म। इससे बहुत पहले ही बौद्धधर्म भारत से अदृश्य हो गया था। इस कालखंड में भारत ने समाज और संस्कृति के स्तर पर बहुत बडा परिवर्तन अनुभव किया। इस्लाम के आक्रमणने भारत की समूची जीवनशैली को बदल दिया। भारत में इस्लामिक आक्रमण चार खंड में हुआ। आरब, तुर्क, मुगल और अफघान। अलग अलग भूमि से आये हुए इस्लामिक आक्रांताओनें भारत को पराजित किया इतना ही नहीं भारत को सत्ता के बल पर इस्लामिक राष्ट्र बनाने का प्रयास भी किया।

भारत में इस्लामिक राज्य के दौरान जैनों की आबादी बडी मात्रा में कम हो गयी। भारतीय संस्कृति और धर्म के प्रतीक समान मंदिरों का विनाश किया गया या तो फिर उसे मस्जिदों में परिवर्तित किया गया[१]। जैनधर्म भी इस्लाम की आंधी के चपट में आ गया। जैनधर्म के नेतृत्व की दूरदृष्टि के कारण इस विनाश से कुछ अंश में बचने में सफल हुआ। उस समय जैन धर्मावलंबियों की जनसंख्या पर्याप्त मात्रा में थी, जैन श्रेष्ठिओं का राजनैतिक प्रभुत्व था। जैन समाज तब भी आर्थिक रूप से अत्यधिक संपन्न था। अतः इस्लाम की आंधी का असर उत्तर भारत, मध्य भारत, दक्षिण भारत में हुआ, पश्चिम भारत में असर कम हुआ।

यहां पर तत्कालीन ऐतिहासिक पार्श्वभूमि में भारत की राजनैतिक स्थिति को समजना प्रस्तुत होगा। सन् १२०६ में भारत के इतिहास में निर्णायक मोड आया जब दिल्ली की सल्तनत भारत की केंद्रवर्ती सत्ता बनी। अल्लाउद्दीन खीलजी (१२९६ से १३१६) के समय दौरान उत्तर भारत में राजपूतों की सत्ता का अस्त हुआ। नर्मदा नदी के किनारी राज्यों से लेकर दूर दक्षिण तक के विभिन्न क्षेत्र में विभिक्त राज्य इस विध्वंस को साक्षी बनकर देखते रहे। अल्लाउद्दीन खीलजी के बाद तुघलक वंश के सत्तासमय में दिल्ली सल्तनत ने निर्बलता, अनिश्चितता और उदासीनता से भरे राज्यों पर आक्रमण किया। तुघलक वंश का सत्ताकाल समाप्त होने पर जौनपुर, बिहार, बंगाल, गुजरात और मालवा में स्वतंत्र मुस्लीम राज्यों का उदय हुआ। पर इन सब स्वतंत्र आक्रांताओं के लिये परिस्थिति अनुकूल नहीं थी। पश्चिम भारत के राजपूत राजाओंने मुस्लीम आक्रांताओं की बर्बरता का कसके सामना किया और अपनी स्वायत्तता को बरकरार रखा। इस कालखंड में राजनैतिक परिप्रेक्ष्य में भारत के दो सत्ताकेंद्र थे। एक बहमनीओं का मुस्लीम साम्राज्य और दो, विजयनगर का हिंदु साम्राज्य। ईसा की सोलहवी शताब्दी में बहमन साम्राज्य का अस्त हो गया। किसी भी तरह से विजयनगर के साम्राज्य को

१. इस विषय की विशेष जानकारी के लिये देखो संदर्भ- हिंदुमस्जिद, ले. प्रफुल्ल गोरडिया,प्रका.नवभारत साहित्य मंदिर।

परास्त करने में बहमनी साम्राज्य सफल हुआ था। ई.स. १५२६ में बाबर ने भारत पर हमला किया। उसके साथ ही मुगल साम्राज्य का प्रारंभ हुआ। दिल्ली और आगरा सत्ता के मुख्य केंद्र बनें। बाबर के पश्चात् उसका पुत्र हुमायूं (१५३० से १५४०, १५५५ से १५५६) अकबर (२७.१.१५५६ से २९.१०.१६०५) जहांगीर (१५.१०.१६०५ से ८.११.१६२७) शहाजहां (१९.१.१६२८ से ३१.७.१६५८) और औरंगजेब (१६५८ से १७०७) शासक बने। औरंगजेब के पश्चात् मुगल साम्राज्य का अस्त हुआ। परिस्थिति का फायदा उठाकर बहुत सारे क्षत्रप(शासक) स्वतंत्र हो गये। इसको अंतिम परिणाम स्वरूप ब्रिटीश हकुमत को भारत में सत्ता हासिल करने का मौका मिला।

यह मध्यकाल के इतिहास का सामान्य सर्वेक्षण है। यह कालखंड के इतिहास को एक या दूसरी तरह से जैन धर्मावलंबियोंने तथा जैन नेतृत्व के राजकीय संबंधों ने प्रभावित किया था। इस विषय पर कुछ विस्तृत विवरण प्रस्तुत है।

जैनधर्म बनाम दिल्ली सल्तनत।

लोदी वंश (१४५१ से १५२६) के राज्यकाल दौरान दिल्ली के सभी शासक तुर्कवंश के थे। वे इस्लाम के कट्टर अनुयायी थे और हिंदु और जैनियों के प्रति असहिष्णू थे। उनके अनुसार हर एक भारतीय काफिर था। अपने धार्मिक राजकीय और सामरिक हेतु को सिद्ध करने के लिये वे गैर-मुस्लिम का वध करने से और गैर-मुस्लिम की संपत्ति को लूटने में हिचकिचाते नहीं थे। वे पूरी तरह से मूर्ति के विरोधी थे। जैन और हिंदू मंदिरों को ध्वस्त करना, मूर्तियों को तोडना, देवधन को लूटना, हिंदू और जैन व्यापारीओं की संपत्ति को लूटना उनकी धार्मिक फर्ज का एक भाग था। यह विदेशी शासक हिंदू और जैन धर्मावलंबियों को अपने पवित्र धार्मिक स्थल बनाने की अनुमति नहीं देते थे। उनके संकुचित उलेमोओं के द्वारा दिये गये जड आदेश ही उनके लिये अंतिम शब्द थे। उनका पूरा लक्ष्य भारत को इस्लाम में परावर्तित करने का था। जो मुस्लीम होना स्वीकार नहीं करते थे उन के उपर बडा और भारी कर डाला जाता था और अन्य सैंकडो तरीकों से परेशान किया जाता था।

ऐसी विपरीत परिस्थितियों में भी जैन धर्मावलंबी निराश नही हुए। जैन प्रजा मधुरभाषी, विनयी, अनुवर्तनशील और बुद्धिशाली थी। अतः इन स्वार्थपरस्त और असहिष्णु शासक के द्वारा प्रारब्ध विनाश को कुछ हद तक रोकने में सफल हुई।

दिल्ली की हर एक सल्तनत के समय में जैनधर्मावलंबियों का निरंतर अखंड संबंध रहा था। इस के ऐतिहासिक साक्ष्य उपलब्ध है। शाहबुद्दीन महम्मद घोरी पर जैनाचार्य श्रीवसंतकीर्ति का प्रभाव था। जैन शास्त्रों में उस समय दिल्ली 'योगिनीपुर' नाम से प्रसिद्ध था। यहां पर बडे श्रीमंत परिवार रहते थे जिसमें अधिकांश ओसवाल वंश के थे।

उसी तरह अल्लाउद्दीन खिलजी (१२९६ से १३१६) जैसा असहिष्णु शासक भी दिगंबर मुनि श्रुतवीरस्वामीजी और श्वेतांबर आचार्य श्रीजिनचंद्रसूरिजी, यति श्रीरामचंद्रजी को समान सम्मान देता था।

अल्लाउद्दीन के पुत्र कुतुबुद्दीन मुबारकशा (१३१६-१३२०) के शासनकाल में खरतरगच्छ के आचार्य श्रीजिनचंद्रसूरिजी (तृतीय) सन् १३१८ में दिल्ली पधारे थे। वे पातशाह कुतुबुद्दीन से जैनतीर्थों की यात्रा करने का फरमान प्राप्त करने में सफल हुए थे। (अर्थात् गैरमुस्लीमों को अपने पवित्र मंदिरो की यात्रा पर सख्त प्रतिबंध था) आचार्यश्री का एक भक्त श्रावक ठक्कुर फेरु पातशाह की टंकशाला (जहां पर चलनी सिक्के बनाये जाते है) का प्रमुख था। (उसने 'वास्तुसार' नामक ग्रंथ की रचना की है।)

तुघलक वंश के शासकों पर जैनियों का ज्यादा प्रभाव था। आ.श्रीजिनचंद्र सू.(तृतीय) के पश्चात् आ.श्रीजिनकुशलसूरि उनके पट्ट पर आसीन हुए। ठक्कर फेरु के प्रभाव से ग्यासुद्दीन तुघलक (१३२० से १३२५) ने आ.श्रीजिनकुशलसूरिजी को गुजरात की तीर्थयात्रा करने का फरमान दिया। गुजरात की तीर्थयात्रा पूर्ण करके आ.श्रीजिनकुशलसूरिजी सिंधुदेश गये, जहां पर मुस्लीम राज्य था। उन्होंने अपनी अंतिम सांस सन् १३३२ में देवराजपुर में ली। उनके पट्ट पर आ.श्रीजिनपद्मसूरि आसीन हुए। ग्यासुद्दीन के शासनकाल में प्राग्वाट वंश के शूरा और वीरा नाम के श्रावक दिल्ली आये। उन्होंने सल्तनत में बडा पद प्राप्त किया। उसी समय में सुलतान ने फरमान जाहिर किया कि श्रीमाली श्रावक अपनी प्रतिमा की रथयात्रा के लिये गजपति ले सकते है।

ग्यासुद्दीन तुघलक का पुत्र महम्मद तुघलक सन् १२२५ से १३५१ तक दिल्ली का सुलतान रहा। महम्मद तुघलक उलेमाओं के प्रभाव में नहीं था अतः उसकी धार्मिक नीति सहिष्णु थी। अतः काष्टा संघ के आचार्य भट्टारक श्रीदुर्लभसेन (दिगंबर), नंदी संघ के श्रीभट्टारक रत्नकीर्ति, श्रीप्रभाचंद्र (दिगबंर) विविधतीर्थकल्प के कर्ता श्वेतांबर आचार्य श्रीजिनप्रभसूरि, आचार्य श्रीजिनदेवसूरि, यति श्रीमहेंद्रसूरि को पर्याप्त सम्मान मिला।

फिरोझ तुघलक (१३५१-१३८८) धर्मांध था। फिर भी दिगंबर भट्टारक श्रीप्रभाचंद्र, श्वेतांबर आचार्य श्रीरत्नशेखरसूरिने उस से सम्मान प्राप्त किया। आयुर्वेद के विशेषज्ञ रेखा पंडित को फिरोझ तुघलक मालवा के सुलतान ग्यासुद्दीन और अफघानसूरि शासकों से बहुमान प्राप्त हुआ।

तुघलक वंश के पतन के बाद दिल्ली में सैयदवंश का शासन स्थापित हुआ। उनका शासन सन् १४१४ से लेकर १४५० तक चला। फिर एकबार अग्रवाल श्रेष्ठी दिल्ली में आये। इस समय में दिगंबर भट्टारकों का विशेष सम्मान हुआ। अपभ्रंश भाषा के विख्यात कवि 'रइधू' ने दिल्ली में विशेष स्थान प्राप्त किया।

सैयद वंश के बाद दिल्ली पर लोदी वंश का राज्य हुआ। लोदी वंश के शासकों का जैनियों के साथ अच्छे संबंध रहे। सिकंदर लोदी के समय में देवराज चौधरी दिल्ली का मुख्य व्यापारी था। सुलतान ने उसके गुरु श्रीविशालकीर्ति (दिगंबर) का सम्मान किया था। दूसरे अग्रवाल साधारण नामक अत्यंत मेधावी थे। उन्होंने बादशाह के पास से अनेक फरमान प्राप्त किये।

गदाशाह नामक का श्रावक लोदी शासन में बडा अधिकारी था। वह बुंदेलखंड से था और विद्रोही था। उसने मूर्तिपूजा का विरोध किया। उसके विचारों का लोगों के उपर बहोत प्रभाव हुआ और परिणाम स्वरूप दिगंबर परंपरा में तरणपंथ का उद्गम हुआ। ऐसे ही प्रयास के फल स्वरूप श्वेतांबरपंथ में लोकां मत का प्रारंभ हुआ। अपने धार्मिक मत के अनुकूल होने के कारण मुस्लिम शासकों ने इस विचारधारा को वेग दिया।

मुहम्मद तुघलक को छोडकर दिल्ली के सभी शासक कट्टर सुन्नी पंथ के थे। धार्मिक दृष्टि से यह बडे ही असहिष्णु थे। उन्होंने कोई हिंदु और जैन मंदिरों को नहीं छोडा, न मूर्तियों को छोडा। फिर भी भारत की अस्मिता का अस्तित्व बना रहा। जैन धर्मावलंबी अपने धर्म की आस्थामें अडिग साबित हुए। विपरीत परिस्थितियों में भी वे सम्मान और अनुकूल राजाज्ञा (फरमान) प्राप्त करने में सफल रहे। शिखरबद्ध मंदिर के विनाश होने पर भी उन्होंने गृहचैत्य बना करके प्रतिमा पूजा का प्रचलन चालु रखा।

गुजरात सल्तनत

गुजरात भारत के पश्चिम समुद्र किनारे पर है। पुरातनकाल से वह जैन धर्म का मुख्य केंद्र बना रहा। ईसा की तेरहवी शती के पूर्वार्ध में गुजरात को वस्तुपाल और तेजपाल जैसे श्रेष्ठी, और संघपति मीले। इस समय में गुजरात का विदेश के साथ व्यापारिक संबंध था। अतः जैन श्रेष्ठि धनिक थे। जामनगर, पोरबंदर, धोलेरा, ओखा, घोघा, भरुच, सुरत, गंधार जैसे बंदरो से विदेश व्यापार होता था। अतः जैन श्रेष्ठिओं ने मंदिरों का ध्वंस हो जाने के बाद भी उनका पुनर्निर्माण किया, नये मंदिर बने, सहस्रशः मूर्तियां बनी। नये साहित्य का सृजन हुआ, शास्त्रों का पुनर्लेखन हुआ। महम्मद गझनी(गजनवी) ने सोमनाथ मंदिर पर आक्रमण किया तब से गुजरात मुस्लीम आक्रांताओं का शिकार बनता रहा फिर भी गुजरात में तेरहवी शताब्दी के अंत तक हिंदु साम्राज्य अखंड रहा।

सन् १२९७ में अल्लाउद्दीन खीलजी ने गुजरात को दिल्ली सल्तनत के अधीन किया तब से गुजरात में दिल्ली सल्तनत द्वारा नियुक्त सुबेदारों का शासन रहा। गुजरात में अंतिम सुबेदार जाफर खां सन् १३९१ में नियुक्त हुआ। वस्तुतः वह स्वतंत्र शासक की तरह ही राज्य करता था फिर भी कानूनी तौर पर उसने सन् १४०१ में दिल्ली सल्तनत का त्याग कर अपने पुत्र ततर खां को नसीरुद्दीन महम्मद शाह नाम देकर गुजरात का स्वतंत्र शासक घोषित कर दिया। इतिहास यह गवाह देता है कि सन् १४०७ में जाफरखां ने स्वयं अपने पुत्र को जहर देकर मार डाला और स्वयं सुलतान महम्मद शाह नाम धारण कर लिया। अंततः उसके पुत्र अलप खां ने उसको जहर देकर उसी तरह मार दिया। अलप खां ने अहमदशाह नाम रखा और गुजरात का शासक बना। गुजरात के सुलतानो में अहमद शाह, महम्मद बेगडा, बहादुर शाह प्रसिद्ध हुए। इन्होंने सन् १४११ से लेकर सन् १५७२ तक गुजरात पर शासन किया। तत्पश्चात् गुजरात मुघल साम्रज्य का हिस्सा बन गया।

गुजरात के शासको ने भी हिंदू और जैन धर्मावलंबियों पर अत्याचार किये। उनके धार्मिक स्थल तोड दिये गये। फिर भी गुजरात में जैन धर्म का प्रसार अक्षुण्ण रहा। उसकी वजह श्रीमंत और प्रभाववंत जैन श्रेष्ठी थे। जैन श्रेष्ठिओं ने गुजरात के शासक और दिल्ली के सुबेदारों के साथ मैत्रीपूर्ण संबंध बनाये। जैनाचार्यों ने भी इस कार्य में बहोत प्रदान किया।

गुजरात में जैनधर्म के अस्तित्व को सुरक्षित रखने में जिनका महत्तम प्रदान है वैसे कुछ एक श्रेष्ठियों के नाम को जानना प्रस्तुत होगा। इन श्रेष्ठियों के नाम एवं प्रदान के विषय में जैन ग्रंथों में उल्लेख प्राप्त होते है। कुछ एक संदर्भ इस प्रकार है। आ.श्रीजिनप्रभसूरि कृत 'विविधतीर्थकल्प', आ.श्रीकनकसूरिकृत 'नाभिनन्दनोद्धारप्रबन्ध', 'खरतरगच्छबृहद्गुर्वावली', विद्यातिलकसूरिकृत 'कन्यान्वय महावीर कल्प परिशेष',

प्रतिष्ठासोमकृत 'सोम सौभाग्य काव्य' इन ग्रंथो से मध्यकालीन इतिहास के विषय में उल्लेखनीय संदर्भ उपलब्ध होते है।

जैसे उपकेशी जैन श्रेष्ठि समराशाह (समरसिंह, पिता का नाम देशक) के ग्यासुद्दीन तुघलक और अलप खां के साथ घनिष्ठ संबंध थे। उसकी प्रतिभा के कारण उसे कुतुबुद्दीन मुबारकशाह ने (दक्षिण भारत में) तेलंग का अनुशासक बनाया था।

उसने फरमान प्राप्त करके शत्रुंजय तीर्थ का जीर्णोद्धार किया था। इसी समय में जसलशाह नामक श्रेष्ठि ने सन् १३१० में खंभात में अजितनाथ भगवान के मंदिर का निर्माण किया था। और भी श्रेष्ठियों के नाम उपलब्ध होते है जिन्होंने १५वी शताब्दी में जैन धर्म की सुरक्षा में महत्तम प्रदान किया था। पाटण के नरसिंह, वडनगर के देवराय, इडर के दो भाई विशाल और गोविंद, कर्णावली के वत्सराज, उपकेशी ओसवाल संघवी मांडलिक, पोरवाल संघवी साहशा, चित्रकूट के श्रावक कर्माशाह इत्यादि।

मध्यकाल में जैनधर्म के प्रभाव की सुरक्षा करने में श्वेतांबर संप्रदाय के भिन्न गच्छीय आचार्य भगवंतो का भी विशेष प्रदान रहा। खरतर गच्छ के आ.श्रीजिनचंद्र सू. (तृतीय), आ.श्रीजिनकुशल सू., आ.श्रीजिनसागर सू., आ.श्रीजिनहर्ष सू., आ.श्रीजिनचंद्र सू. (चतुर्थ), तपागच्छीय आ.श्री जयकल्याण सू., आ.श्रीजयचंद्र सू., आ.श्रीरत्नशेखर सू., उपकेश गच्छ के आ.श्रीकनकसूरि., अंचल गच्छ के आ.श्रीमेरुतुंग सू., आ.श्रीजयकीर्तिसूरि, आ.श्रीजयकेसरी सू.।

१५वी शताब्दी के मध्यभाग में तपागच्छीय आ.श्रीसोमसुंदर सूरि और उनके शिष्य आचार्यश्री मुनिसुंदरसूरि और आ.श्रीसुमतिसाधुसूरि ने जैनधर्म के प्रभाव की सुरक्षा के लिये प्रदान किया था।

जैन आचार्य, जैन श्रेष्ठियों की अति श्रद्धा और समर्पण और कार्यशैली के परिणाम से कट्टर मुस्लिमशासकों को भी तीर्थयात्रा, अहिंसा एवं मंदिर बनाने के फरमान जाहिर करने के लिये बाध्य होना पडा। जब मूर्तिभंजक सुलतान मंदिर और मूर्तियों का नाश करने की आज्ञा देते थे उसी समय जैन समाज उनके नाक के नीचे ही मंदिर निर्माण या जिर्णोद्धार में व्यस्त थे। विध्वंसक थक गये किंतु सर्जनकार थके नहीं।

इस समय में मानों की छोटे गृहमंदिर एवं धातु की छोटी मूर्ति और यंत्र के निर्माण कार्य में बाढ सी आयी। उस समय गुजरात में जैनियों की आबादी पालिताना, गिरनार, पालनपुर, तारंगा, अहमदाबाद, देवकुल पाटण इत्यादि शहर में ज्यादा थी। इन शहरों में नये ग्रंथो की रचना और पुराने शास्त्रों का पुनर्लेखन विपुल मात्रा में हुआ।

मालवा सल्तनत

मालवा के मध्ययुग का प्रारंभ परमारों के पतन से प्रारंभ होता है। परमारों का पतन इसा की १४वी शताब्दी के प्रारंभ में हुआ किंतु मालवा पर मुस्लीम आक्रमण का प्रारंभ बहोत पहले से हो चूका था। सन् ७२४ में आरब आक्रांता जुनैद ने मालवा पर हमला किया। इस आक्रमण को गुर्जर-प्रतीहार राजाओ ने परास्त किया। सन् ११९६ में कुतुबुद्दीन ऐबक ने मालवा की उत्तर सीमा तक कूच की थी। वह वहीं से दिल्ली लौट गया।

मालवा के बूरे दिन तब शरु हुए जब सन् १२३५ में दिल्ली का दारु सुलतान शमसुद्दीन इल्तुमीश ने मालवा के उज्जैन और अन्य प्रांतों को लूंटा। सन् १३०५ में अल्लाउद्दीन खीलजी ने पूर्व मालवा के अंतिम राजा महलक दास(ह) को पराजित करके परमार शासन को समाप्त कर दिया। तब से सन् १४०१ तक मालवा दिल्ली की सल्तनत का ताबेदार रहा। तैमूर के आक्रमण के समय में मालवा की स्थिति अस्थिर और खराब थी तब मालवा के सूबेदार दिलावर खां घोरीने अपने आपको स्वतंत्र घोषित किया। सन् १४०५ में दिलावर खां का पुत्र अलप खां-होशंग खां घोरी के नाम से सत्ता में आया। उसने मांडवगढ (हाल-मांडू) को अपनी राजधानी बनाई।

सन् १४३५ में होशंग खां का निधन हो गया। उसका पुत्र महम्मद खां घोरी राजगद्दी पर आया। किंतु उसके मंत्री महम्मद खीलजी(प्रथम) ने उसको पदच्युत किया और मालवा में स्वतंत्र खीलजी शासन का प्रारंभ किया। सन् १४६९ में उसका देहांत हुआ। उसके बाद क्रम से ग्यासुद्दीन-नसीरुद्दीन-महम्मद खीलजी(द्वितीय) मालवा के शासक हुए। किंतु इन शासकों का अधिकतर समय मेवाड के राणा थंभा और गुजरात के सुल्तान बहादुर शाह के साथ युद्ध करने में ही बीता। गुजरात के सुलतान बहादुर शाह ने महम्मद खीलजी(द्वितीय) को हराया और मालवा के राज्य को अपने अधीन किया। मुघल बादशाह हुमायूं ने बहादुर शाह पर आक्रमण कर मालवा से भगाया। दुर्भाग्य से हुमायूं ने बहादुर शाह को पूरी तरह निर्मूल नहीं किया परिणामतः बहादुरशाह ने फिर मालवा जीता और वहां मलूक खां नामक सूबेदार को नियुक्त किया। मलूक खां ने गुजरात पर आक्रमण किया और मालवा को स्वतंत्र घोषित किया। किंतु यह स्वतंत्रता अल्प समय तक ही रही। सन् १५१२ में दिल्ली के सुलतान शेरशाह सूरी ने मालवा पर आक्रमण किया। वहां पर सुजावत खां को सुबेदार बनाया। इस प्रकार मालवा फिर से दिल्ली सल्तनत के अधीन हुआ। शेरशाह के मृत्यु के बाद सुजावत खां ने अपने आपको स्वतंत्र घोषित कर दिया। उसने अपने तीन पुत्रों के लिये मालवा के तीन भाग किये परंतु मलिक बैजिद ने दो भाइओं से राज्य छीन लिआ और बाजबहादूर के नाम से पूरे मालवा का शासक हो गया।

अफघान सुल्तान बाजबहादूर भी बहोत समय राज्यसुख न पा सका। सन् १५६२ में अकबर ने आदम खां और पीर महम्मूद नाम के दो सेनापतियों को मालवा जीतने के लिये भेजा। इन दोनो सेनापतिओं ने बडी बेरहमी से मांडवगढ को अपने हाथ में लिया और मालवा फिर से दिल्ली सल्तनत के अधीन हुआ।

मुघल राज्यकाल में अकबर-जहांगीर-शहाजहां और औरंगजेब का मालवा पर अधिकार रहा। अकबर के राज्य काल में आदम खां, अब्दूल खां, शियासुद्दीन, फकरुद्दीन मीर्झा शाहरुख, शिहब खां, नकीब खां उज्जैन के सुबेदार थे। जहांगीर के समय में उज्जैन का कारोबार मोमीद खां को हाथों में था।

औरंगजेब के समय में जफरखां और जसवंतसिंह मालवा के शासक रहे। औरंगजेब की मृत्यु के पश्चात् मराठों ने मालवा पर आक्रमण किया। मुगल सत्ता मालवा की सुरक्षा न कर सकी। मुगल सत्ता ने संधि की नीति अपनाई। अंततः सन् १७४१ में मालवा पूर्णतः मराठा शासकों के अधीन हुआ।

सुल्तानों के शासन काल में जैन धर्मावलंबियों ने मालवा में बहोत तरक्की की। राजनैतिक, प्रशासनिक

और नवनिर्माण जैसे सभी क्षेत्रो में जैन अधिकारी और जैनश्रेष्ठिओं की आवाज का वजन रहता था। सामाजिक क्षेत्र में भी उनकी आवाज का अनुभव होता था, उनकी आवाज सुनाई देती थी। इस समय में मालवा में सांस्कृतिक और प्रशासनिक क्षेत्र में दो व्यक्तित्व का सन्मान था। वह थे कवि मंत्री मंडन और कवि संग्राम सिंह। मालवा के इतिहास में इन दोनों को बहोत ही महत्वपूर्ण स्थान प्राप्त है।

इसके अतिरिक्त और भी उल्लेखनीय नाम है जिन्होंने मालवा को प्रभावित किया। जैसे—संघपति होलीचंद्र, झांझण शा, संघपति धनराज, धरणा शा, पूंजराज, नरदेव सोनी, मेघ, शिवराज, वक्कल, जावड शा इत्यादि। दिगंबर भट्टारकों का कभी मालवा को ऐतिहासिक प्रदान रहा है।

वर्तमान स्थिति में यह प्रश्न उठना स्वाभाविक है कि कट्टर धार्मिक असहिष्णु तुर्क शासकों ने जैन धर्मावलंबीओं को इतनी सुविधाएं क्यों दी? वे नये नये मुस्लीमों के प्रति सून्नीपंथ प्रति या तो शिया पंथी के प्रति उदार नहीं थे तो फिर जैनियों के प्रति उदार क्यों बने? सिर्फ लूंट और मंदिर तोडने को मजहब समझनेवाले बर्बर, क्रूर और कट्टर शासकों के बीच जैन मंदिर, उपाश्रय, ज्ञानभंडार, धर्मशाला आदि कैसे बच गये?

इसके कारण निम्नलिखित हो सकते है।

१) भारत में विदेशी आक्रांताओं का प्रवेश होने के बाद मध्य एशिया और अफघानिस्तान की राजनैतिक एवं सामरिक परिस्थिति में परिवर्तन हो गया। भारत में सुलतानों ने अपने पैर जमा दिये थे और सत्ता और साम्राज्य को सम्हालने हेतु सेनापति और अमीरों की जरूरत थी। भारत में राज्यव्यवस्था और अनुशासन की जरूरत महसूस हो रही थी। मध्य एशिया और अफघानिस्तान की परिस्थिति में परिवर्तन होने से सेनापति, अधिकारी वर्ग, अमीरों का आगमन नहीं हुआ। भारत आये हुए अफघानों ने अपना नया कबीला बना लिया। अपनी अस्तित्व की रक्षा के लिये और महत्वाकांक्षाओं की पूर्ति के लिये वे भारत की प्रजा के साथ मीलने लगे। शास्ता के लिये सामरिक बल और प्रशासनिक व्यवस्था अनिवार्य होती है। अफघान शासकों को इन दोनों अनिवार्यताओं की पूर्ति के लिये धर्मपरिवर्तित हिंदु, राजपूत और जैनों का सहकार लेने के लिये विवश होना पडा। दूरप्रदेश तक सीमाओं की रक्षा हेतु राजपूतों का सहकार्य लेना पडा और जब लूट का धन खत्म हो गया तो आर्थिक व्यवस्था हेतु जैनियों का सहारा लेना पडा।

२) भारत में आये हुये विदेशी मुस्लिमों को अपने आपको भारत का कायमी निवासी बनाने के लिये भारतीय प्रक्रियासे गुजरना पडा, उनको लगा कि कानून और व्यवस्था बनाये रखने के लिये स्थानिक प्रजातंत्रका विश्वास जितना जरुरी है। मध्यकाल को राजनैतिक परिस्थिति के परिप्रेक्ष्य में संघर्ष, ईर्ष्या का वातावरण चारों और फैला हुआ था। लूंट और बर्बरता हदसे अधिक हो गई थी। ईस्लामी शासकों की युद्धनीति और ऐयाशीके कारण आर्थिक व्यवस्था पूर्ण रूप से बिखर गई थी। युद्ध में खर्च बहोत होता था, ऐयाशीके लिये वे बहोत घन लूंटाते थे। अतः राजकोश में धन की कमी हमेशा महेसूस होती थी। इसलिये उनको धनकी आपूर्ति के लिये धनिक वर्ग के पराधीन होना पडा, उस समय के धनपति अधिकतर जैन थे। इस्लामी शासकों ने उन्हें अपनी और आकर्षित किया उनको जीवन की और संपत्ति की सुरक्षा का विश्वास दिया। अतः मुस्लिमकाल में बहोत जैन परिवार प्रतिष्ठितवर्ग में गिने जाने लगे। जैनीओं के पास व्यापार-सम्बन्ध और व्यवस्था का अच्छा ज्ञान भी था,

और वंश परंपरागत अनुभव भी था। इस क्षमता और बुद्धिमत्ता के बल पर उनको अधिकारी पद और सन्मान मिले। इस पदाधिकार का और शासनसेवा का उपयोग करते हुए जैनधर्मावलंबीओं ने नये मंदिरो का निर्माण किया, पुराने मंदिरों का जीर्णोद्धार किया और संघयात्रा के लिये फरमान प्राप्त किये। इस कार्य में श्रमणसंस्था का भी बहोत बडा प्रदान रहा।

३) तत्कालीन जैन समाज को भी मुस्लीमशासकों की हकीकत प्रतीत हो गई थी, अगर वे सहकार न देते तो उनका सर्वस्व लूंट लिया जाता था। अपने धंधा-रोजगार-परिवार और धर्मस्थानकों को सुरक्षित करने हेतु जैन समाज शासकों की और उनके परिवार की जरुरत पूरी करने के लिये आगे आया। जैनीओं का व्यापार क्षेत्र छोटे गाँव से बडे शहर तक फैला हुआ था, उनका यह आर्थिक साम्राज्य राजनैतिक परिधिओं से परे था। इस लिये शासकवर्ग को भी व्यापारीवर्ग की कुछ शरतों को मान्य होने के लिये बाध्य होना पडा, उनको सुरक्षा देनी पडी।

दिल्ली की केन्द्रवर्ती सल्तनत बहोत ही अस्थिर रही, अतः बहोत सारे प्रादेशिक राज्य अस्तित्व में आये। इसके कारण सामरिक और शुल्क की अपेक्षाओं का अन्त हो गया। अब वें प्रजा को ज्यादा लूंट भी नहीं सकते थे, क्यों कि प्रजा के साथ और सहकार के उपर ही उनका अस्तित्व निर्भर था। इसके लिये एक तर्फ राजपूत जैसे क्षत्रिय समाज को महत्व देना अनिवार्य हो गया। दूसरी और जैन जैसे वैश्य समाज को हाथ पर रखना अनिवार्य हो गया। यही स्थिति अकबर से लेकर शाहजहाँ तक के मुगलशासकों की भी रही। औरंगजेब ने इस नीति का त्याग कर दिया, परिणामतः मुगलशासन का अन्त हो गया।

मुस्लीम शासकों के साथ जैनियों का संबंध देखकर और मुस्लीम काल में उनके धर्मस्थानों की अबाधा को देखकर पश्चाद्वर्ति कुछ एक विद्वानों ने ऐसी धारणा बना ली है कि जैनियों की इस देश को लूंटने वाले आक्रांताओं को साथ समझौता करके इस देश को लूंटने वालों को मदद की है। और वे हिंदू विरोधी थे। किंतु यह धारणा हकिकत पर नजर करने पर बेबूनियाद साबित होती है। जैन श्रेष्ठिवर्ग मुस्लिम शासकों के लिये धन एकत्रित करते थे यह बाह्य दिखावा था। वस्तुतः जैनों को इस कार्य हेतु बाध्य होना पडा था। मुस्लिम शासकों का उनके प्रति औदार्य भी विवशता के कारण ही था। जैन समाज अहिंसा में श्रद्धा रखता था। बलप्रयोग उनके खून में नही था। अतः वे हमेशा अपनी सामाजिक, धार्मिक, आर्थिक, सुरक्षा के लिये शासकवर्ग का सहारा लेना था। भौगोलिक दृष्टि से जैनों का अपना स्वतंत्र प्रदेश नही था जहां वे खुद को महफूझ समज सके। यह भी भूलना नहीं चाहिए की जहां पर शासकों के साथ जैनियों के अच्छे संबंध रहे वहां हिंदू समाज के धर्म स्थानों का विनाश कम हुआ। मालवा और अन्य क्षेत्रों में यह हकिकत नजर आती है। इतना ही नहीं जब भी प्रजा पर आपत्ति आयी तब भामाशा, जगडूशा जैसे श्रेष्ठियों ने सभी धर्म के लोगों के लिये अपने अन्नक्षेत्र खुले रखे थे।

मध्यकालीन इतिहास का इतना विहंगावलोकन करने के बाद संग्रामसिंह के इतिहास पर नजर करेंगे। वस्तुतः यह इतिहास संग्रामसिंह की पार्श्वभूमि जानने के लिये उपयुक्त है। संग्रामसिंह ने अपने ग्रंथों में अपना परिचय दिया है और पट्टावलीयों में उनके कार्य प्रभाव का वर्णन उपलब्ध होता है। उसके अनुसार उनका जीवनवृत्त हम जान सकते है। बुद्धिसागर में संग्रामसिंह ने दक्षिण में निझामशाह के साथ युद्ध का उल्लेख किया है। उसकी ऐतिहासिक सामग्री इस प्रकार है।

गुजरात और बीजापुर के बीच वायव्य दक्षिण प्रांत में स्थित भारतीय राज्य अहमदनगर सल्तनत के नाम से प्रसिद्ध है। मध्यकाल के अंतिम चरण में उसका उदय हुआ। जुन्नर के शासक मलिक अहमद ने बहमन सेनापति को हराकर सन् १४९०के २८ मई के दिन अपने आप को स्वतंत्र घोषित किया और अहमदनगर का सुलतान बना। मलिक अहमद निझाम-उल-मुल्क मलिक हसन बहरी का पुत्र था। पिता के मृत्यु के बाद उसने पिता की याद में निझामशाही वंश का प्रारंभ किया। पहले उसकी राजधानी जुन्नर थी किंतु सन् १४३३ में अहमदनगर की नींव रखी। सन् १५१० में मलिक अहमद की मृत्यु हुई[१]। बुद्धिसागर के अनुसार महमद खीलजी दूसरा और निझामशाही के बीच युद्ध विक्रम संवत् १५२० में अर्थात् ईसवीय सन् १४४४ में हुआ था। अतः यह युद्ध निझाम-उल-मुल्क मलिक हसन बहरी (मलिक अहमद के पिता) के साथ होने की संभावना है।

---

१. The **Ahmadnagar Sultanate** was a late medieval Indian kingdom, located in the northwestern Deccan, between the sultanates of Gujarat and Bijapur. Malik Ahmad, the Bahmani governor of Junnar after defeating the Bahmani army led by general Jahangir Khan on 28 May 1490 declared independence and established the **Nizam Shahi dynasty** rule over the sultanate of Ahmednagar. Initially his capital was in the town of Junnar with its fort, later renamed Shivneri. In 1494, the foundation was laid for the new capital Ahmadnagar. In 1636 Aurangzeb, then Mugal viceroy of Deccan finally annexed the sultanate to the Mughal empire

Malik Ahmad was the son of **Nizam-ul-Mulk Malik Hasan Bahri**. After the death of his father, he assumed the appellation of his father and from this the dynasty found by him is known as the Nizam Shahi dynasty. He founded the new capital Ahmadnagar on the bank of the river Sina. After several attempts, he secured the great fortress of Daulatabad in 1499.

After the death of Malik Ahmad in 1510, his son Burhan, a boy of seven was, installed in his place. In the initial days of his reign, the control of the kingdom was in the hands of Mukammal Khan, an Ahmadnagar official and his son. Burhan Shah I died in Ahmadnagar in 1553.

संग्राम सोनी[१]

संग्राम सोनी यह नाम जैन इतिहास में सुप्रसिद्ध है, अमर है। देशभक्ति, राज्यनिष्ठा, लोकसेवा, साधर्मिक भक्ति, श्रुतभक्ति और जिनभक्ति व गुरु उपासना की जब बात निकलती है तो अनेक नामों के बीच एक नाम उभरता है संग्राम सोनी का।

संग्राम सोनी के पूर्वजों में सांगण सोनी का नाम प्राप्त होता है। वे खंभात के रहनेवाले ओशवाल वंश के शिरोमणी श्रावक माने जाते थे। १४ वीं सदी के आरंभ में खंभात जब जैन परंपरा का समृद्ध केन्द्र बन चुका था। तब वहां उस समय के समर्थ जैनाचार्य देवेन्द्रसूरिजी और आचार्य विजयचन्द्रसूरिजी के बीच कुछ सैद्धांतिक बातो को लेकर मतभेद पनपने लगे... बढने लगे तब सांगण सेठ ने इन दोनों श्रमण शाखा में सही और सार्थक शाखा कौन सी है? इस बात को लेकर पशोपश रही। अपने मन की उलझन को सुलझाने के लिए उन्होने अट्ठम तप करके अधिष्ठायक देव का जाप-ध्यान किया। शासनदेव ने आकर बताया कि 'सांगण, आचार्य श्री देवेन्द्रसूरि वर्तमान युग के समर्थ व उत्तम श्रमण महात्मा है। उनका गच्छ -उनकी परंपरा काफी लम्बे अरसे तक चलेगी। इसलिए तुम उनकी उपासना करना।' फिर सांगण और उसका परिवार, उसके स्वजन सभी आचार्य देवेन्द्रसूरिजी की सेवा में समर्पित हो गये। उन्हे रहने के लिए वसति-स्थान दिये, श्रमण आचार के अनुकूल सुविधाएं जुटायी। तभी से आचार्य देवेन्द्रसूरिजी की परंपरा 'तपगच्छ की लघु पोशाल' के रूप में प्रसिद्ध हुई। इसके बारे में गुर्वावली के श्लोक १३८/१३९ से जानकारी प्राप्त होती है।

सोनी सांगण यशस्वी था, संपन्न था और सूझबूझ का धनी था। किन्ही कारणों से वि.सं. १३५४, इस्वी १२९८ में सांगण ने खंभात छोडा और मालवांचल के मांडवगढ में आकर रहे। दिल्ही में उस समय (इस्वीसन १२९८ से १३१६) अलाउद्दीन खिलजी का राज्य था[२]। बाद में मांडवगढ में सोनी परिवार बसते चले और बढते

---

१. जैन परंपरानो इतिहास भागः ३ से संकलित- संकलन एवं संवर्द्धनः भद्रबाहु विजय

२. अलाउद्दीन खिल्जी दिल्ली सल्तनत के खिलजी वंश का दूसरा शासक था । उसने अपना साम्राज्य दक्षिण में मदुरै तक फैला दिया था। अलाउद्दीन ख़िलजी के बचपन का नाम अली 'गुरशास्प' था। जलालुद्दीन ख़िलजी के तख्त पर बैठने के बाद उसे 'अमीर-ए-तुजुक' का पद मिला। मलिक छज्जू के विद्रोह को दबाने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाने के कारण जलालुद्दीन ने उसे कड़ा-मनिकपुर की सूबेदारी सौंप दी। भिलसा, चंदेरी एवं देवगिरि के सफल अभियानों से प्राप्त अपार धन ने उसकी स्थिति और मज़बूत कर दी। इस प्रकार उत्कर्ष पर पहुँचे अलाउद्दीन ख़िलजी ने अपने चाचा जलालुद्दीन की हत्या 22 अक्टूबर 1296 को कर दी और दिल्ली में स्थित बलबन के लाल महल में अपना राज्याभिषेक सम्पन्न करवाया।

मालवा पर शासन करने वाला महलकदेव एवं उसका सेनापति हरनन्द (कोका प्रधान) बहादुर योद्धा थे। 1305 ई. में अलाउद्दीन ने मुल्तान के सूबेदार आईन-उल-मुल्क के नेतृत्व में एक सेना को मालवा पर अधिकार करने के लिए भेजा। दोनों पक्षों के संघर्ष में महलकदेव एवं उसका सेनापति हरनन्द मारा गया। नवम्बर, 1305 में किले पर अधिकार के साथ ही उज्जैन, धारानगरी, चंदेरी आदि को जीत कर मालवा समेत दिल्ली सल्तनत में मिला लिया गया। जलोदर रोग से ग्रसित अलाउद्दीन ख़िलजी ने अपना अन्तिम समय अत्यन्त कठिनाईयों में व्यतीत किया और 5 जनवरी 1316 ई. को वह मृत्यु को प्राप्त हो गया।

खिलजीकालीन भारत (गूगल पुस्तक ; लेखक - सैयद अब्बास रिजबवी)

चले। समृद्ध होने के साथ साथ उन्होने राज्यसत्ता में भी अपना सिक्का जमाया। राजाओं के साथ वे उनके मजबूत रिश्तों ने समाज-धर्म और संस्कृति को कुछ हद तक सुरक्षा प्रदान की और प्रगति भी दी। बाद में तो अनेक सोनी परिवार गुजरात के अलग अलग गांवों से आकर मांडवगढ में बसने लगे। उसका पुत्र पद्मराज हुआ, उसका पुत्र सूर हुआ, उसका पुत्र धर्मसेन हुआ और उसके बाद वरसिंह हुआ।[१]

वरसिंह के नरदेव और धन(देव) नाम के दो पुत्र हुए[२]। धनसिंह ने चंद्रपुरी[३] में बहुत धन देकर लाखों लोगों को शकों के संकट से बचाया था[४]। नरदेव (नारिया) ज्येष्ठ पुत्र था, उसकी सोनाई नामकी पत्नी थी। मांडव में बादशाह हुसंगसेन[५] के दरबार में उसका बडा रुतबा था, मान-सन्मान था। वह दानी और उदार था। उसका यश चौतरफ फैल रहा था। उसने मांडव में एक सत्रागार सा बनाया था वहां पर सभी आगतुंकों को तरह तरह की वस्तुएं प्रदान की जाती थी[६]। उसके बारे में एक उल्लेख यह भी मिलता है किः

खंभात के रहनेवाले सोनी नारिया (नरेदव) के पुत्र पद्मसिंह की पत्नी आल्हगदेवी ने वि.सं. १४३८ में भादरवा सुद ७ के दिन तपागच्छ के आचार्य देवेन्द्रसूरिजी उनके पट्टधर आचार्य सोमसुंदरसूरिजी, आचार्य मुनिसुंदरसूरिजी आचार्य जयचन्द्रसूरिजी, आचार्य भुवनसुंदरसूरिजी के उपदेश से जीरावला पार्श्वनाथ भगवान के जिनप्रासाद की चौकी का शिखर करवाया था।

उसका एक पुत्र था संग्रामसिंह[७]। जो संग्राम सोनी के नाम से इतिहास में जाना गया। वह कुछ समय के लिए व्यापार हेतु या अन्य कारणों से गुजरात के तत्कालीन वढियार इलाके के लोलाडा (वर्तमान में सुप्रसिद्ध तीर्थ शंखेश्वर के समीप का गांव) में जाकर रहने के पश्चात् वह मांडवगढ में आकर बसा। उस वक्त मालवा[८] में

---

१. ढिल्यामल्लावदीने नरपतितिलके रक्षति क्ष्मामधीशे,सोनीश्रीसाङ्गणाख्यः समभवदुदितश्रीलसत्कीर्तिपूरः।
तत्पुत्रः पद्मराजः प्रथितगुणगणस्तत्सुतः सूरसञ्ज्ञस्तत्सुनुर्धर्मनामा तदनु च वरसिङ्घोऽभवत् सत्यशीलः॥४०४॥ (बुद्धिसागर)

२. नरदेवधनाख्यौ च तत्पुत्रौ द्वौ बभूवतुः। ओसवालकुलोत्तंसौ दीनानाथकृपाकरौ॥४०५॥(बुद्धिसागर)

३. वर्तमान में चांडक, जो आबू की तलहटी में विमलमंत्री ने बसाई थी। जिसमें ३६० मंदिर थे।

४. चन्द्रपुर्यां धनाख्येन वितीर्य विपुलं धनम्। मोचिताः शकसङ्कष्टान्नराः शतसहस्रशः॥४०६॥ (बुद्धिसागर)

५. सन् १४०५ में दिलावर खां का पुत्र अलप खां-होशंग खां घोरी के नाम से सत्ता में आया। उसने मांडवगढ (हाल-मांडू) को अपनी राजधानी बनाई। सन् १४३५ में होशंग खां का निधन हो गया।

६. तज्ज्येष्ठो नरदेव एव समभूत् ख्यातः क्षितौ मण्डपे, सत्रागारकरः सदोद्यतकरः सत्पात्रदः सर्वदः।
हूसङ्गक्षितिपालसंसदि सतां मान्यः परार्थैककृद्भाण्डागारधुरन्धरः स च परस्त्रीसोदरः सुन्दरः॥४०७॥ (बुद्धिसागर)

७. जयत्ययं सम्प्रति तत्तनूजः सङ्ग्रामसिंहः सततं दयालुः। परोपकारैककरः सुशीलः सौजन्यसिन्धुर्जिनभक्तियुक्तः॥४०८॥ (बुद्धिसागर)

८. चौदहवी और पंद्रहवी शताब्दी में मुगल राज्यकाल दौरान मालवा भौगोलिक एवं सामरिक दृष्टि से महत्त्वपूर्ण देश था। नर्मदा और तापी नदी के बीच दक्षिण साम्राज्य का उत्तरपश्चिम भाग मालवा की सीमा में था। गुजरात से उत्तरभारत जानेवाला रास्ता और दक्षिणभारत से उत्तरभारत जानेवाला रस्ता मालवा से ही गुजरता था। इसी कारण किसी भी साम्राज्य के लिए मालवा को जितना महत्त्वपूर्ण था। मालवा का राजा उत्तरभारत के साम्राज्य के लिये एवं पूर्व पश्चिम और दक्षिणभारत के लिये भी महत्त्व रखता था। मालवा जब तक सशक्त था तब तक गुजरात, मेवाड और दिल्ली के लोदी राजाओं के साम्राज्य विस्तार की भावना में अंतराय था आंतरिक झगडों के कारण इ.स. १३०५ में मालवाने अल्लाउद्दीन खीलजी को हस्तक्षेप करने की प्रार्थना की तब से लेकर १४०१ तक वह दिल्ली के आधीन रहा।

मालवा के बहुतांश शासक हिंदुओं के विरोधी रहे। हिंदुधर्म के प्रति असहिष्णु रहे। महम्मद-खान-खीलजी (१४३६-१४६९, सं १४९२-१५२५) मालवा का सबसे शक्तिशाली शासक रहा। उसने बहोत सारे मंदिरों का नाश किया। वह अपने पडोसी राज्यों के साथ लडता रहा। उसका सबसे अधिक समय मेवाड के राणा कुंभा के साथ लडाइ करने में बीता।

Ref.1) History discussion.net, Rising of independent states during 14th 15th century

Ref.2) Maharashtra state gazetteers' general series 1.5 Yr. 1972,
Director-Government print stationary and publicaction. Pg.54,56,494

महमूद खिलजी का शासन था (October 22, 1500- May 25, 1531)। संग्राम सोनी ने बादशाह के अत्यंत विश्वासु व्यक्तियों में अपनी जगह बना ली थी। इसके पीछे एक मजेदार कहानी इस तरह की है।

गुजरात के वढियार प्रान्त के लोलाडा गाँव से निकलकर संग्रामसिंह सोनी अपनी माता देवा, पत्नी तेजा और पुत्री हांसी के साथ मांडवगढ गया। वहाँ पहुँचने पर वो नगर में प्रवेश कर ही रहा था कि उसने एक अचंभित करनेवाला दृश्य देखाः एक सर्प फैले हुए फन पर दुर्गा पक्षी आकर बैठी हुयी थी और किलकारी मार रही थी, प्रसन्नता जता रही थी। संग्राम इस शकुन को देखकर जरा ठिठक सा गया। तभी समीप में खडे एक जानकार व्यक्तिने कहाः 'सेठ, आराम से, निश्चिंत होकर शहर में प्रवेश करे। यह शकुन बडी किस्मतवालों को मिलता है। ऐसे शकुन से शहर में प्रवेश पाने वाला आदमी धन के ढेरों पर रहता है।' और संग्राम सोनी ने अपने पुरखों की भूमि पर कदम रखा। फिर तो पीछे मुडकर देखने की फुरसत ही कहां रही! धीरे धीरे उसने व्यापार वगैरह में अपनी जगह बना ली। एक दिन बादशाह गियासुद्दीन गरमी के दिनों में बगीचे में गया और एक घटादार आम के पेड के तले विश्राम करने लगा। तब उसे माली ने बताया की यह आम तो बांझ है। इस पर फल नही लगते। बादशाह ने आननफानन माली को हुकम कर दिया कि 'इस पेड को काट देना। बांझ आम की आवश्यकता क्या है?' संग्रामसिंह तब वही उपस्थित था। उसने हाथ जोडकर बादशाह से गुजारिश कीः

'बादशाह सलामत! यह आम का पेड तो पैदाईशी बांझ है। आप इसे मुझे बख्शीश कर दे। इसे बख्श दे। इस पेड के जीव को अभयदान देने की रहम करे। हजूर की मेहरबानी होगी और अल्लाताला की मंजूरी होगी तो यह पेड बच जाएगा। इतना ही नहीं अगले मौसम तक इस पर फल भी आ जाएंगे।'

बादशाह ने तुनककर कहाः 'अगर अगले मौसम में इस आम पर फल नहीं आये तो में जो हाल इस पेड का करने जा रहा था, वह हाल में तेरा कर दूंगा।' सोनी ने सिर झुकाकर सजदा करते हुए बादशाह सलामत की बात मान ली।

संग्रामसिंह दयालु था, धर्म की परंपरा में पूरी आस्था रखता था। धर्म के प्रभाव से वह परिचित था। उसने आम के पेड तले भगवान की मूर्ति रखकर स्नात्रपूजा पढायी। चंदन-धूप-फल वगैरह अर्पण कर वृक्ष की पूजा की। इसके प्रभाव से उस आम के वृश्र का अधिष्ठायक देव जाग्रत हुआ और संग्राम पर खुशी जाहिर करते हुए बोलाः 'इस आम का जीव पूर्व जन्म में भी बांझ था और इस जन्मे में भी है पर तूने इसे अभयदान दिया है। बादशाह से इसकी जान बख्शायी है इसलिये मैं तेरे पर प्रसन्न हूं। इस पेड की जड के इर्दगिर्द काफी धन गडा पडा है। वह सब तू ले ले, वह तेरे नसीब का है। अब यह पेड बांझ नही रहेगा।'

संग्राम ने पेड के नीचे से सावधानी से धन निकाला और ले गया। कुदरत की करिश्माई कारीगरी कारगर हुई और मौसम के आते ही पूरा पेड आम के फल से लद गया। डालियाँ झुक गयी। संग्राम तो खुशी से नाच उठा। उसने आम के पके हुए फलो को उतारा और रजत थाल में सजाकर उपर रुमाल ढंक कर सुहागन महिला के सिर पर रखते हुए गाजे बाजे के साथ बादशाह के पास ले गया। बादशाह को नजराने के रूप में आम पेश किये और बताया कि ये उसी बांझ आम के फल है। बादशाह अत्यंत प्रसन्न हो उठा। उसने संग्राम को पाँच सुंदर

किमती वस्त्र इनाम देते हुए अपने महल का कामदार नियुक्त किया। बादशाह ने उसे नकद-उल-मुल्क की पदवी भी दी। उपरांत 'जगतविश्राम' बिरुद भी दिया।

श्री और सरस्वती के साथ उस पर सत्ता की कृपा भी पूरी उतरी। वह स्वयं तपगच्छ की वृद्ध पोशाल के आचार्य रत्नसिंहसूरि के पट्टघर पूर्व में भट्टारक आचार्य उदयवल्लभसूरि का श्रावक था।

इस्वी १४६२ में वि.सं. १५१८ के जेठ सुद १५ के दिन उसने भगवान अजितनाथ की परिकरवाली जिन प्रतिमा निर्मित की और उसे तपगच्छ की बडी पोशाल के आचार्य रत्नसिंहसूरिजी के पट्टधर आचार्य श्री उदयवल्लभसूरि के हाथों प्रतिष्ठा करवायी। इस प्रतिमा के नीचे के हिस्से में वस्त्रपट्ट है उसके नीचे सो. संग्राम नाम उत्कीर्ण है। मूलनायक भगवान की दोनों और भगवान अजितनाथ की मूर्तियां है। उज्जैन स्थित देश खडकी मोहल्ले में भगवान चन्द्रप्रभ स्वामी का श्वेतांबर जैन मंदिर है। उसमें भगवान अजितनाथ की श्वेत पाषाण की जो प्रतिमा बिराजमान है, उस की गादी के पिछले हिस्से में उपर्युक्त मतलब की लिखावट है।

सोनी संग्रामसिंह उन दिनों के प्रौढ प्रतिभाशाली एवं महाप्रभावक आचार्य सोमसुंदरसूरिजी के प्रति प्रगाढ आस्था रखते हुए उनकी आज्ञा पालन को अपने जीवन का श्रेष्ठ कर्तव्य समझते थे। उन्होंने मांडव में इस्वी १४७२ में भगवान सुपार्श्वनाथ का जिनप्रासाद बनवाया था। (आज भी 'मांडवगढनो राजियो नामे देव सुपास' यह पंक्ति सुप्रसिद्ध है।)

मक्षीजी तीर्थ में संग्रामसोनी ने पार्श्वनाथ भगवान को समर्पित जिनप्रासाद बनवाया। वि.सं. १५१८ के जेठ सुद १५, गुरुवार का दिन मक्षीजी तीर्थ की सालगिरह के दिन के रूप में प्रसिद्ध है। इसके अलावा वाई, मंदसौर ब्रह्ममंडल, सामलिया (सेमालीया) धार, नगर, खेडी, चंडाउली वगेरे १६ स्थानों में १७ बडे बडे जिन मंदिर बनवाये और अनेक धर्मकार्य किये।

संग्रामसिंह को श्रुत के प्रति भी अगाध भक्ति थी। उसने वि.सं. १४७०(इस्वी १४१४) में तपगच्छ गगन में सूर्य समान आचार्य सोमसुंदरसूरिजी को मांडवगढ में चातुर्मास करवाया। उस चातुर्मास में उसने उनके श्रीमुख से भगवतीसूत्र का सटीक श्रवण किया। भगवतीसूत्र में जगह जगह 'गोयमा' यह शब्द कुल मिलाकर ३६ हजार बार आता है, जब जब 'गोयमा' शब्द आया तब उस वक्त संग्राम सोनी ने एक सोनामुहर, उसकी माता ने आधी सोनामुहर, उसकी पत्नी के एक चौथाई (पावभर) सुवर्णमुद्रा रखकर उस परम पावन शब्द के प्रति अपना बहुमान व्यक्त किया। ३६+१८+९ कुल ६३ हजार सोनामुहरें आचार्य भगवंत के चरणों में रखते हुए उन्हे स्वीकार करने की विनती की। आचार्यश्री ने 'साधु पैसों का परिग्रह नही रखते' कहकर इस राशि का उपयोग शास्त्र-आगमग्रंथ लिखवाने में करने की प्रेरणा दी। सोनी संग्रामसिंह ने उस तमाम राशि का उपयोग करते हुए सोने-रुपे की स्याही से सचित्र कल्पसूत्र और कालिकाचार्य कथा की कई प्रतियां करवायी। आचार्य भगवंत के साथ के तमाम मुनिओं को एक-एक प्रति अर्पण की। और अन्य संघों के ज्ञान भंडार में भी अलग अलग जगह पर प्रतियां सुरक्षित रखी।

मांडवगढ में वैसे भी अनेक सोनी परिवार बसे हुए थे। वि.सं. १५४३ मे वहां सोनी मांडण, सोनी नागराज,

सोनी वर्धमान, सोनी पासदत्त और सोनी जिनदास, सोनी गडरमल, सोनी गोपाल इत्यादि जैन परिवारों के बारे में उल्लेख प्राप्त होता है।

सोनी संग्रामसिंह धनी एवं दानी था साथ ही ज्ञानी था, कवि था और युद्ध भूमि पर अजेय वीर था।

मालवा के बादशाह मेहमूद ने दक्षिण के बादशाह निजाम शाह को जीतने के लिए वि.सं. १५२० में चैत्र सुद ६ के दिन शुक्रवार को, मांडवगढ से प्रयाण किया तब सोनी संग्राम भी उसके साथ गया था और बादशाह जब विजय प्राप्त करके वापस लौट रहा था तब गोदावरी के किनारे प्रतिष्ठानपुर (पैठण)[१] मे आया तब कवि संग्राम सोनी ने वहां के जिनप्रसाद में जिनेश्वर के दर्शन करके 'बुद्धिसागर' नामक संस्कृत भाषा के काव्य ग्रंथ की रचना की[२]। जिसके ४ तरंग (विभाग) एवं कुल ४११ श्लोक की रचना की थी।

कुल मिलाकर संग्राम सोनी बारहव्रत धारी श्रावक था। सच्चरित्रवान पुरुष था। वह कवि कल्पतरु था। कवित्व के बारे में उसे पूर्ण ज्ञान था।

अनेक ग्रंथो में अनेक आचार्य भगवंतो ने, रचनाकारों ने संग्राम सोनी के बारे में बहुत कुछ लिखा है। आज भी उनकी जिनभक्ति व श्रुतभक्ति कीर्तिकथाएं गायी जाती है। गिरनार महातीर्थ पर तो संग्रामसोनी की टोंक के उपर सहस्रफणा पार्श्वनाथ भगवान का जिनालय आज भी उनकी कीर्ति को दोहरा रहा है। मालवी भाषा के लहजे में कहा जाए तोः

अणी रे जेरो कोई कोनी
जैसो वियो संग्राम सोनी

---

१. पैठण महाराष्ट्र के इतिहास में विगत् २५०० वर्षों से अपना स्वतंत्र स्थान रखता है प्राचीन काल से यह गांव 'दक्षिण काशी' नाम से पहेचाना जाता है। पूर्व काल में इसका नाम प्रतिष्ठानपुर था। यह सातवाहन राजाओं की राजधानी थी उस काल से लेकर अब तक पैठण के पंडितों का धर्मनिर्णय आखरी माना जाता है। आचार्य श्री भद्रबाहुस्वामीजी तथा वराहमिहिर पैठण से थे। आचार्य श्री हीरविजयसूरिजी मुनि अवस्था में यहां शास्त्र अभ्यास हेतु आये थे। (Ref. - Google Wikipedia)

२. नखेषुभू१५२०सम्मितविक्रमाब्दे पञ्चेभरामेन्दु१३८५मिते च शाके। चैत्रस्य षष्ठ्यां सितपक्षजायां शुक्रस्य वारे शशिभे गविन्दौ॥४११॥ (बुद्धिसागर)
चापोदये वीर्ययुतैश्च खेटैः श्रीमालवे महमूदभूपे। जेतुं महीपालनिजामसाहिं युद्धेन याते दिशि दक्षिणस्याम्॥४१२॥ (बुद्धिसागर)
लसत्प्रतिस्थानपुरेऽतिरम्ये गोदावरीतीरतरङ्गपूते। जिनं प्रणम्येह सुबुद्धिसिन्धुं सङ्ग्रामसिंहः कुरुते कवीन्द्रः॥४१३॥ (बुद्धिसागर)
श्रीमद्दक्षिणभूपतिं जितवतः कुम्भेभपञ्चाननस्योद्यद्दुर्जरगर्वपर्वतमहत्पक्षच्छिदो ग्रासने।
खल्वीश्रीमहमूदसाहिनृपतेर्विश्वासमुद्राधरः, सङ्ग्रामः स्वकलत्रमित्रविलसत्पुत्रैश्चिरं जीवतु॥४१४॥ (बुद्धिसागर)

जैन साहित्य में नीतिशास्त्र पर हुई ग्रंथरचना

नीतिवाक्यामृतम्

जैन साहित्य में नीतिशास्त्र पर अनेक ग्रंथों की रचना हुई है। इस में सर्वप्रथम आचार्य श्रीसोमदेवसूरि का कार्य महत्त्वपूर्ण है। जिस प्रकार चाणक्य ने चन्द्रगुप्त के लिए अर्थशास्त्र की रचना की उसी प्रकार आचार्य श्रीसोमदेवसूरिजी ने राजा महेन्द्र के लिए नीतिवाक्यामृतम् इस ग्रंथ की रचना की। जो गद्यात्मक सूत्रबद्ध शैली में ३२ समुद्देशों मे विभक्त है। १. धर्मसमुद्देश, २. अर्थसमुद्देश, ३. कामसमुद्देश, ४. अरिषड्वर्ग, ५. विद्यावृद्ध, ६. आन्वीक्षिकी, ७. त्रयी, ८. वार्ता, ९. दण्डनीति, १०. मंत्री, ११. पुरोहित, १२. सेनापति, १३. दूत, १४. आचार, १५. विचार, १६. व्यसन, १७. स्वामी, १८. अमात्य, १९. जनपद, २०. दुर्ग, २१. कोष, २२. बल, २३. मित्र, २४. राजरक्षा, २५. दिवसानुष्ठान, २६. सदाचार, २७. व्यवहार, २८. विवाद, २९. षाड्गुण्य, ३०. युद्ध, ३१. विवाह और ३२. प्रकीर्ण।

उपर्युक्त विषयसूचि के अनुसार यह ग्रंथ राजा-राज्यशासन-व्यवस्था आदि विषयों में महत्त्वपूर्ण योगदान देता है। अल्पाक्षरी और मनोरम होने के कारण कौटिल्य अर्थशास्त्र से भी ज्यादा सरस लगता है। इस ग्रंथ पर हरिबल नामक विद्वान ने टीका लिखी है।

आचार्य श्रीसोमदेवसूरि के यशोधरचरित नाम के ग्रंथ में भी यशोधर राजा का चरित्र चित्रण करते समय राजनीति की विस्तृत चर्चा की है।

लघु-अर्हन्नीति

प्राकृत साहित्य में बृहदर्हन्नीतिशास्त्र के आधार पर आचार्य श्री हेमचंद्रसूरिजी ने लघु-अर्हन्नीति यह संस्कृत पद्यात्मक छोटा ग्रंथ लिखा। महाराज कुमारपाल के लिए यह ग्रंथ निर्माण हुआ। धर्म के अनुसार राजनीति का उपदेश इस ग्रंथ में किया गया है।

कामन्दकीय-नीतिसार

उपाध्याय श्री भानुचंद्रजी इनके शिष्य उपाध्याय श्री सिद्धिचन्द्रजी ने कामन्दकीय-नीतिसार नाम के ग्रंथ का संकलन किया है। कौटिल्य अर्थशास्त्र के सूत्रों की स्पष्ट व्याख्या करनेवाला यह ग्रंथ है। काल के अनुसार यह ग्रंथ कौटिल्य अर्थशास्त्र के बाद मतलब ६ वे शतक में से है। इसकी रचना श्लोकबद्ध होकर कौटिल्य अर्थशास्त्रमें से पारिभाषिक संकल्पना समझने के लिए इसका उपयोग होता है।

जिनसंहिता

मुनि श्री जिनसेन जी ने जिनसंहिता की रचना की। इस ग्रंथ में ६ अधिकार है। १.ऋणादान, २.दायभाग, ३.सीमानिर्णय, ४.क्षेत्रविषय, ५.निस्स्वामित्ववस्तुविषय, ६.साहस, स्तेय, भोजनादिकानुचित व्यवहार और सुतकाशौच।

राजनीति

देवीदास नामक विद्वान ने राजनीति नामक प्राकृत ग्रंथ का निर्माण किया है।

बुद्धिसागर

कवि संग्रामसिंह सोनी ने बुद्धिसागर नामक संस्कृत ग्रंथ का निर्माण किया है।

ग्रंथ के प्रतिपाद्य विषय

नाम के अनुसार ही यह ग्रंथ बुद्धि का अर्थात् ज्ञान का सागर है। ग्रंथ की रचना चार तरंगों में हुई है। धर्मतरंग, नयतरंग, व्यवहारतरंग और प्रकीर्णकतरंग। तरंगों की रचना भी क्रम से की है। धर्म के कारण नीति में प्रवृत्ति होती हैं, नीति से व्यवहार और व्यवहार से प्रकीर्णार्थ प्राप्त होता है। तरंगों की श्लोक संख्या— धर्मतरंग- ८९, नयतरंग- १०७, व्यवहारतरंग- ७०, प्रकीर्णकतरंग- १५०

धर्मतरंग में सामान्य नीति के विषय में उपदेश है। धर्म, सत्य, अस्तेय, अपरिग्रह, परस्त्रीपरिहार, गृही, ब्रह्मचारी, यती, गुरु, उपासक, शिष्य, माता-पिता के विषयमें उचित कर्तव्यों का निर्देश यहां प्रस्तुत है।

नयतरंग- में राजनीति के विषय में उपदेश है। नीति, शासनविषयक बुद्धिमत्ता, राजा, राणी, कुमार, मन्त्री, अधिकारी, प्रजासेवक, अश्व और हाथी आदि के लक्षण यहां प्रस्तुत है।।

व्यवहारतरंग में व्यवहार करते समय पालन करने योग्य बातों का उपदेश है।

प्रकीर्णकतरंग में वास्तु, शरीर, वैद्यकसार, ज्योतिषसार, शकुनसार, सामुद्रिकसार, स्त्रीस्वरूप, रत्नपरीक्षा आदि विविध अर्थ-काम साधक विषयों का लक्षण प्रस्तुत है। अंत में मोक्षसाधक वैराग्य, चार योग आदि आध्यात्मिक विषय यहां प्रस्तुत किये है।

संक्षेपमें बुद्धिसागर में बारह विषयों का वर्णन है। सामान्य नीति,राजनीति, वास्तु, शरीर, वैद्यक, ज्योतिष, शकुन, सामुद्रिक, स्त्रीस्वरूप, रत्नपरीक्षा, वैराग्य, चार योग।

ग्रंथकार ने यह ग्रंथ अनेक शास्त्रों का अध्ययन करके निर्माण किया है। सूत्रबद्ध शैली के ग्रंथों का सार निकालकर समझने के लिए सरल ऐसे ग्रंथ का निर्माण किया है।

- शैलेश शिंदे

अनुक्रमः

अनु.	विषयाः	श्लोकसंख्या	तरंगः	पृष्ठक्रम
१.	मङ्गलाचरणम्	१-४	१	१
२.	ग्रन्थप्रस्तावना	५-१९	१	१
३.	धर्मप्रशंसा	२०-२६	१	४
४.	सत्यम्	२७-३३	१	५
५.	परद्रव्यपरिहारः	३४-३७	१	६
६.	परस्त्रीपरिहरणम्	३८-४२	१	७
७.	परिग्रहः	४३-४५	१	८
८.	गृही	४६-४९	१	९
९.	ब्रह्मचारी	५०-५१	१	९
१०.	यती	५२-५७	१	१०
११.	इन्द्रियम्	५८-६०	१	११
१२.	गुरुः	६१-६२	१	११
१३.	उपासकः	६३-६६	१	१२
१४.	शिष्यः	६७-७४	१	१२
१५.	मातापितरौ	७५-८७	१	१४
१६.	मङ्गलाचरणम्	१-९	२	१७
१७.	राजा	१०-४०	२	१८
१८.	राज्ञी	४१-४३	२	२४
१९.	कुमारः	४४-४८	२	२५
२०.	मन्त्री	४९-६३	२	२६
२१.	अधिकारी	६४-७०	२	२८

२२.	प्रजासेवकः	७१-८३	२	३०
२३.	सर्वोपदेशः	८४-९०	२	३२
२४.	राजवाहनाश्वलक्षणम्	९१-९६	२	३४
२५.	गजलक्षणम्	९७-१०७	२	३५
२६.	व्यवहारः	१-५६	३	३८
२७.	वासः	५७-६९	३	४८
२८.	वास्तुलक्षणम्	७०-७१	३	५१
२९.	शरीरम्	१-१४	४	५३
३०.	वैद्यकसारः	१५-३९	४	५५
३१.	ज्योतिःसारः	४०-६२	४	६०
३२.	शकुनसारः	६३-६९	४	६६
३३.	सामुद्रिकसारः	७०-७८	४	६८
३४.	स्त्री	७९-८३	४	६९
३५.	रत्नपरीक्षा	८४-८८	४	७०
३६.	मुक्तापरीक्षा	८९-९९	४	७१
३७.	पद्मरागादिमणिपरीक्षा	१००-१०१	४	७४
३८.	नागमणिपरीक्षा	१०२-१०३	४	७४
३९.	वैराग्यम्	१०४-१२९	४	७५
४०.	चतुर्विधयोगः	१३०-१३८	४	७९
४१.	ग्रन्थकारप्रशस्तिः	१३९-१५०	४	८१
	परिशिष्ट-१ बुद्धिसागरश्लोकानाम् अकारादिक्रमः			८५
	परिशिष्ट-२ सन्दर्भग्रन्थसूचिः।			९३

मन्त्रिश्रीसङ्ग्रामसिंहविरचितः

॥बुद्धिसागरः॥

(सानुवादः)

[प्रथमो धर्मतरङ्गः]

[मूल] **नमः श्रीवीतरागाय मोहध्वान्तैकभानवे।**
नमज्जनघनानन्दकारिणे विश्वधारिणे॥१॥(१.१)

(अन्वयः) मोहध्वान्तैकभानवे नमज्जनघनानन्दकारिणे विश्वधारिणे श्रीवीतरागाय नमः।

(अर्थः) मोहान्धकार के समूह के लिए सूर्य की तरह, नम्रजन के समूह को आनन्द देने वाले (आनन्दित करने वाले), विश्व को धारण करने वाले ऐसे श्रीवीतराग देव को (मेरा) नमस्कार।

[मूल] **सर्वकल्याणरूपाय सम्पत्सिद्धिप्रदायिने।**
विघ्नव्रजविनाशाय गौतमस्वामिने नमः॥२॥(१.२)

(अन्वयः) सर्वकल्याणरूपाय सम्पत्सिद्धिप्रदायिने विघ्नव्रजविनाशाय गौतमस्वामिने नमः।

(अर्थः) सर्व(प्रकारके)कल्याणरूप, संपत्ति और सिद्धि को प्रदान करने वाले, विघ्न के समुदाय का विनाश करने वाले ऐसे गौतमस्वामी को नमस्कार।

[मूल] **येषां प्रसादतः प्राप्ता बुद्धिर्विश्वोपकारिणी।**
प्रारिप्सितार्थसिद्ध्यर्थं गुरुभ्यः सर्वदा नमः॥३॥(१.३)

(अन्वयः) येषां प्रसादतः विश्वोपकारिणी बुद्धिः प्राप्ता, (तेभ्यः) गुरुभ्यः प्रारिप्सितार्थसिद्ध्यर्थं सर्वदा नमः।

(अर्थः) जिनके प्रसादसे विश्व के लिए उपकारक ऐसी बुद्धि प्राप्त हुई है, (ऐसे) गुरु को प्रारम्भ किये हुए इच्छित विषय की सिद्धि के लिए सदा नमस्कार।

[मूल] **श्रीरत्नसिंहसूरेः पट्टालङ्करणमद्भुतगुणाढ्यम्।**
गुरुमुदयवल्लभाख्यं सूरिं वन्दामहे सततम्॥४॥(१.४) (आर्या)

(अन्वयः) श्रीरत्नसिंहसूरेः पट्टालङ्करणम् अद्भुतगुणाढ्यम् उदयवल्लभाख्यं सूरिं गुरुं सततं वन्दामहे।

(अर्थः) श्रीरत्नसिंहसूरि के पट्ट को अलंकृत करने वाले अद्भुत गुणोसे युक्त, श्रीउदयवल्लभसूरि नामक गुरु को हम सदैव वंदन करते है।

[मूल] **उद्यत्प्रतापदिनकरकिरणैर्निर्धूतवैरितिमिरौघः।**
खल्वीकुलाब्धिचन्द्रः स जयति महमूदभूमीन्द्रः॥५॥(१.५)

(अन्वयः) उद्यत्प्रतापदिनकरकिरणैः निर्धूतवैरितिमिरौघः खल्वीकुलाब्धिचन्द्रः स महमूदभूमीन्द्रः जयति।

(अर्थः) प्रखर सूर्य के किरणों कें द्वारा जिसने वैरी रूपी अंधकार के समूह को धोया है, ऐसा खल्वीकुल रूपी सागर के लिए चंद्र की तरह, भूमि का इंद्र ऐसे उस महमूद की जय हो।

[मूल] तस्य च मालवदेशे मण्डपदुर्गेऽत्र भाति सुविनीतः।
सङ्ग्रामसिंहनामा भाण्डागाराधिकारीन्द्रः॥६॥(१.६)

(अन्वयः) तस्य च अत्र मालवदेशे मण्डपदुर्गे सुविनीतः भाण्डागाराधिकारीन्द्रः सङ्ग्रामसिंहनामा भाति।

(अर्थः) और उसके यहां मालवदेश के मांडवगढ में भाण्डागार के अधिकारी में इंद्र समान, अतिशय विनय से युक्त ऐसा संग्रामसिंहनाम वाला (भंडारी) शोभित होता है।

[मूल] गौतमस्वामिनः प्राप्तवरो भक्त्यातिसादरः।
बुद्ध्या अभयकुमारोऽयं वाग्वादिन्याः प्रसादतः॥७॥(१.७)

[मूल] ओसवाले कुले श्रीमान्नरदेवस्य नन्दनः।
निर्मलार्थगभीराणि शास्त्राण्यालोच्य तत्त्वतः॥८॥(१.८)

[मूल] सारमुद्धृत्य तेभ्यस्तु निजबुद्ध्यातिशुद्धया।
बुद्धिसागरनामेति सर्वदर्शनसम्मतम्॥९॥(१.९)

[मूल] सङ्ग्रामो रचयत्येतच्छास्त्रं विश्वोपकारकम्।
गभीरमनतिक्रम्यमधीरैर्मन्दबुद्धिभिः॥१०॥(१.१०)

[मूल] सुवृत्तरत्ननिचयैः पूर्णं लक्ष्मीनिकेतनम्।
उद्यद्विवेकपूर्णेन्दुकलाशतसुशोभितम्॥११॥(१.११)

[मूल] सद्धर्मनयशुद्धार्थव्यवहारप्रकीर्णकैः।
तरङ्गनामभिर्युक्तं चतुर्भिर्धीवरप्रियम्॥१२॥(१.१२) (षड्भिः कुलकम्)

(अन्वयः) गौतमस्वामिनः प्राप्तवरः, भक्त्यातिसादरः, वाग्वादिन्याः प्रसादतः बुद्ध्या अभयकुमारः ओसवाले कुले श्रीमान्नरदेवस्य नन्दनः अयं सङ्ग्रामः निर्मलार्थगभीराणि शास्त्राणि तत्त्वतः आलोच्य, तेभ्यस्तु अतिशुद्धया निजबुद्ध्या सारम् उद्धृत्य अधीरैः मन्दबुद्धिभिः अनतिक्रम्यम्, गभीरम्, विश्वोपकारकम्, सुवृत्तरत्ननिचयैः पूर्णम्, लक्ष्मीनिकेतनम्, उद्यद्विवेकपूर्णेन्दुकलाशतसुशोभितम्, सद्धर्मनयशुद्धार्थव्यवहारप्रकीर्णकैः चतुर्भिः तरङ्गनामभिः युक्तम्, धीवरप्रियम्, सर्वदर्शनसम्मतं बुद्धिसागरनाम इति एतत् शास्त्रं रचयति।

(अर्थः) गौतमस्वामी से जिसने वर प्राप्त किया है ऐसा, भक्ति से अतिशय सादर, देवी सरस्वती के प्रसाद से बुद्धि से अभयकुमार जैसा, यह संग्राम ओसवालकुल में श्रीमान् नरदेव का पुत्र, निर्मल अर्थवाले गभीर ऐसे शास्त्रों को तत्त्वतः जानकर उन शास्त्रों से अतिशुद्ध ऐसी अपनी बुद्धि से सार निकालकर, अधीर ऐसे मन्दबुद्धिवालों के लिए अबोध्य, गभीर ऐसा विश्व के उपकार का कारण, अच्छी वृत्तरूपी रत्नों के समुदाय से पूर्ण, लक्ष्मी का निवास है जिसमें ऐसा, उपर आये हुए विवेकपूर्ण चंद्र

की सौ कलाओं से सुशोभित, सद्धर्म, नय, शुद्धार्थव्यवहार और प्रकीर्णक इन चारो तरंगो के नामो से युक्त, विद्वानों को प्रिय, सर्वदर्शनमान्य ऐसे बुद्धिसागर नाम के शास्त्र की रचना करता है।

[मूल] भूयात् सदर्थसम्पत्तिव्यवहारविवेकवित्।
विश्वं मदुपकृत्यैव युगपत् श्रीसमन्वितम्॥१३॥(१.१३)

[मूल] चिन्तयन्निति सङ्ग्रामो जगज्जनहिते रतः।
शास्त्रकर्तृच्छलेनैव विश्वोपकरणव्रतम्॥१४॥(१.१४)

[मूल] स्वयमङ्गीकृतं पूर्णं प्रका(क)रोत्यघननाशनम्।
स्थापकः सर्वधर्माणां जिनधर्मधुरन्धरः॥१५॥(१.१५) (त्रिभिर्विशेषकम्)

(अन्वयः) मदुपकृत्यैव च युगपत् श्रीसमन्वितं विश्वं भूयात्, इति चिन्तयन् जगज्जनहिते रतः सदर्थसम्पत्तिव्यवहारविवेकवित्, जिनधर्मधुरन्धरः सर्वधर्माणां स्थापकः सङ्ग्रामः शास्त्रकर्तृच्छलेनैव स्वयमङ्गीकृतं अघनाशनं विश्वोपकरणव्रतं पूर्णं प्रकरोति।

(अर्थः) और मेरे उपकार के साथ ही लक्ष्मी से युक्त ऐसा विश्व होवे, ऐसा विचार करता हुआ जगत के लोगों के हित में रत ऐसा, सम्यक् अर्थ, सम्पत्ति, व्यवहार, विवेक को जाननेवाला, ऐसा जिनधर्मधुरंधर, सर्वधर्मों की स्थापना करने वाला संग्राम शास्त्रकर्ताओं के छल से हि विश्व के ऊपर उपकार करने का स्वयं ही धारण किया हुआ पापों का नाशक व्रत पूरा करता है।

[मूल] नातिविस्तारमत्यन्तहितार्थशतसङ्कुलम्।
प्रसन्नार्थमतः शास्त्रं मान्यमेतन्मनीषिभिः॥१६॥(१.१६)

(अन्वयः) नातिविस्तारम्, अत्यन्तहितार्थशतसङ्कुलम्, प्रसन्नार्थम्, अतः एतत् शास्त्रं मनीषिभिः मान्यम्।

(अर्थः) जो अति विस्तीर्ण नहि है, अत्यन्त हित के कारण ऐसे सैंकडो अर्थ का समूह जिसमें है, और जिसमें प्रसन्न अर्थ है, इसिलिए यह शास्त्र विद्वानों के द्वारा मान्य हो।

[मूल] ये चोपहासनिरताः सदा दोषैकदृष्टयः।
कृतोऽयमञ्जलिस्तेभ्यः क्षमध्वं चापलं मम॥१७॥(१.१७)

(अन्वयः) ये सदा दोषैकदृष्टयः उपहासनिरताश्च तेभ्यः अयं अञ्जलिः कृतः, मम चापलं क्षमध्वम्।

(अर्थः) जो सदा दोष हि देखते है और उपहास में रत है, उनको यह अंजलि है। मेरी चंचलता को माफ करें।

[मूल] धर्मान्नयप्रवृत्तिः स्यान्नयात् सद्व्यवहारधीः।
व्यवहारात्प्रसीदन्ति प्रकीर्णार्थाः सुनिश्चिताः॥१८॥(१.१८)

(अन्वयः) धर्मात् नयप्रवृत्तिः, नयात् सद्व्यवहारधीः, व्यवहारात् सुनिश्चिताः प्रकीर्णार्थाः प्रसीदन्ति।

(अर्थः) धर्म से नय (नैतिकता) में प्रवृत्ति होती है, नय(नैतिकता) से सद्व्यवहार वाली बुद्धि प्राप्त होती है, सद्व्यवहार से सुनिश्चित ऐसे प्रकीर्णार्थ फलीभूत होते है।

[मूल] अतोऽत्र धर्ममूलत्वान्नयादित्रितयस्य तु।
धर्मबुद्धितरङ्गोऽयमाद्यः प्रारभ्यतेऽधुना॥१९॥(१.१९)

(अन्वयः) अतः अत्र धर्ममूलत्वात् तु नयादित्रितयस्य अयम् आद्यः धर्मबुद्धितरङ्गः अधुना प्रारभ्यते।

(अर्थः) इसिलिए यहां धर्म, नयादि तीनोंका मूल होने के कारण, यह पहिला धर्मबुद्धितरङ्ग अब प्रारम्भ किया जाता है।

अथ धर्मप्रशंसा

[मूल] धर्माद्राज्यं यशो लक्ष्मीः पुत्राः कायस्त्वनामयः।
तपस्यभिरतिश्चापि केवलज्ञानमुत्तमम्॥२०॥(१.२०)

(अन्वयः) धर्माद् राज्यम्, यशः, लक्ष्मीः, पुत्राः कायः तु अनामयः तपस्यभिरतिः अपि च उत्तमं केवलज्ञानम्।

(अर्थः) धर्म से राज्य, यश, लक्ष्मी, पुत्र, शरीर, आरोग्य, तप में अभिरुचि और उत्तम ऐसा केवलज्ञान प्राप्त होता है।

[मूल] तपो ज्ञानं तथा दानं तीर्थं स्वाध्याय एव च।
शमो जीवदया चेति धर्ममूलानि संविदुः॥२१॥(१.२१)

(अन्वयः) तपः, ज्ञानम्, तथा दानम्, तीर्थम्, स्वाध्याय एव च शमः जीवदया च इति धर्ममूलानि संविदुः।

(अर्थः) तप, ज्ञान, वैसे हि दान, तीर्थ, स्वाध्याय, शम और जीवदया यह धर्म के मूल मानते है।

[मूल] तपोदानादिसिद्धिस्तु बह्वायासव्ययैर्भवेत्।
अयत्नसाध्यातिफला दया तेषु प्रशस्यते॥२२॥(१.२२)

(अन्वयः) तपोदानादिसिद्धिः तु बहु आयासव्ययैः भवेत्, तेषु अयत्नसाध्यातिफला दया प्रशस्यते।

(अर्थः) तप,दान, आदि कि सिद्धि बहुत प्रयत्न करने से होती है। उनमें बिना कष्ट से साध्य होने वाली और अधिक फल से युक्त ऐसी दया प्रशंसनीय है।

[मूल] परमात्मा हि सर्वज्ञो यः साक्षी जीवकर्मणाम्।
जीवानां पालनात्त्राणात्परितुष्टो भवेत् स हि॥२३॥(१.२३)

(अन्वयः) यः हि जीवकर्मणां साक्षी, सर्वज्ञः, स परमात्मा हि जीवानां पालनात् त्राणात् परितुष्टः भवेत्।

(अर्थः) जो जीवों के कर्मों का साक्षी, सब कुछ जाननेवाला (है) ऐसा वह परमात्मा जीवों के पालनसे, रक्षणसे संतुष्ट होता है।

[मूल] यो द्वेष्टि मनुजो मोहात्कृमिकीटपशूनपि।
स्वात्मद्वेषः कृतस्तेन ध्रुवं निरयपातनात्॥२४॥(१.२४)

(अन्वयः) यः मनुजः मोहात् कृमिकीटपशून् अपि द्वेष्टि, तेन ध्रुवं निरयपातनात् स्वात्मद्वेषः कृतः।

(अर्थः) जो मनुष्य मोह से कृमि, कीटक, पशुओं का भी द्वेष करता है, उसके द्वारा निश्चित नरक में गिरने के कारण खुद के आत्मा का हि द्वेष किया गया।

[मूल] दयाधर्मं परित्यज्य योऽन्यधर्मान्निषेवते।
वृथा श्रमं स कुरुते कृषिं पर्वतभूमिषु॥२५॥(१.२५)

(अन्वयः) यः दयाधर्मं परित्यज्य अन्यधर्मान् निषेवते, स वृथा श्रमं कुरुते, पर्वतभूमिषु कृषिम्(इव)।

(अर्थः) जो दया धर्म का परित्याग करके अन्य धर्मों का सेवन करता है। वह व्यर्थ श्रम करता है। जैसे पर्वत भूमि में खेती करना (व्यर्थ है वैसे)।

[मूल] आत्मवत्प्राणिनः सर्वान् पश्यन् कृच्छ्राद्विमोचयेत्।
स्वशक्त्या मनुजः सोऽग्रगण्यः पुण्यवतां भवेत्॥२६॥(१.२६)

(अन्वयः) (यः) सर्वान् प्राणिनः आत्मवत् पश्यन् कृच्छ्रात् विमोचयेत्, स्वशक्त्या सः मनुजः पुण्यवतां अग्रगण्यः भवेत्।

(अर्थः) (जो) सर्व प्राणियों को खुद की तरह देखता हुवा पीडा से छुडवाता है वह मनुष्य खुद की शक्ति से पुण्यवान् लोगों में अग्रेसर होता है।

अथ सत्यम्।

[मूल] तपो दानं यशः शौचं विद्या च श्रुतशालिनी।
आचारः शाश्वतो धर्मः सदा सत्ये व्यवस्थिताः॥२७॥(१.२७)

(अन्वयः) तपः, दानम्, यशः, शौचम्, श्रुतशालिनी विद्या, आचारः, शाश्वतः धर्मः सदा सत्ये व्यवस्थिताः।

(अर्थः) तप, दान, यश, पवित्रता, श्रुतपुरस्कृत विद्या, आचार और शाश्वतः धर्म सदा सत्य में स्थित हुवे है।

[मूल] महाभूतानि चन्द्रार्कौ धीह्रि(ह्री)श्रीकान्तिकीर्तयः।
सत्यस्य वशगाश्चैते तस्मात् सत्यं सदा वदेत्॥२८॥(१.२८)

(अन्वयः) चन्दार्कौ, धीह्रि(ह्री)श्रीकान्तिकीर्तयः, महाभूतानि च एते सत्यस्य वशगाः तस्मात् सदा सत्यं वदेत्।

(अर्थः) चंद्र, सूर्य, बुद्धि, लज्जा, लक्ष्मी, कान्ति, कीर्ति, और महाभूत ये(सब) सत्यके वश में है इसिलिए सदा सत्य बोलें।

[मूल] धर्मार्थव्यवहारेषु भये हास्यकथास्वपि।
रते कान्ताजनैर्वापि न वदेदनृतं क्वचित्॥२९॥(१.२९)

(अन्वयः) धर्मार्थव्यवहारेषु भये हास्यकथासु अपि वा कान्ताजनैः रते अपि न क्वचित् अनृतं वदेत्।

(अर्थः) धर्म में, अर्थ में, व्यवहार में, भय में, हास्य में, कथा में, या पत्नी के साथ रत होते हुवे कभी भी असत्य नहि बोलना चाहिए।

[मूल] एतत् सत्यव्रतं नाम सङ्ग्रामः सत्यसङ्गरः।
दिशत्यखिललोकस्य हितायामृतसम्मितम्॥३०॥(१.३०)

(अन्वयः) एतत् अखिललोकस्य हिताय सत्यसङ्गरः सङ्ग्रामः नाम अमृतसम्मितं सत्यव्रतं दिशति।

(अर्थः) सबलोक कें हित के लिए सत्यनिष्ठ, संग्राम अमृत के समान सत्यव्रत का यह उपदेश देता है।

[मूल] सत्या सुसंस्कृता वाणी वक्तृश्रोत्रोश्च मध्यगा।
पुनाति परितः सर्वं गङ्गेवोभयकूलभाक्॥३१॥(१.३१)

(अन्वयः) वक्तृश्रोत्रोः मध्यगा सत्या सुसंस्कृता च वाणी सर्वं परितः पुनाति, उभयकूलभाक् गंगा इव।

(अर्थः) सत्य, सुसंस्कृत वक्ता और श्रोता इनके बिच में बहनेवाली ऐसी वाणी सब ओर से पावन करती है, जैसे गंगा दो किनारे को पावन करती है।

[मूल] नास्ति सत्यात्परा भूषा नास्ति सत्यात्परं यशः।
नास्ति सत्यात्परं चित्तं तस्मात्सत्यं न सन्त्यजेत्॥३२॥ (१.३२)

(अन्वयः) सत्यात् परा भूषा नास्ति, सत्यात्परं यशः नास्ति, सत्यात्परं चित्तं नास्ति, तस्मात् सत्यं न सन्त्यजेत्।

(अर्थः) सत्य से श्रेष्ठ अलंकार नहि है। सत्य से श्रेष्ठ यश(कीर्ति) नहि है। सत्य से श्रेष्ठ चित्त नहि है। इसिलिए सत्य का त्याग नहि करना चाहिए।

[मूल] कन्याप्रदाने शपथे साक्षिवादे सभासु च।
असत्यं प्रवदन्मोहाज्जीवन्निरयमश्नुते॥३३॥(१.३३)

(अन्वयः) कन्याप्रदाने, शपथे, साक्षिवादे, सभासु च मोहात् असत्यं प्रवदन् जीवन् निरयं अश्नुते।

(अर्थः) कन्यादान में, शपथ लेते समय, साक्षि देते समय और सभा में मोह से असत्य को बोलता हुआ जीव जीतेजी नरक को प्राप्त होता है।

अथ परद्रव्यपरिहारः।

[मूल] अज्ञानादथवा लोभात् परिहासाच्छलादपि।
परद्रव्यापहरणं न कार्यमतिगर्हितम्॥३४॥(१.३४)

(अन्वयः) अज्ञानात्, लोभात्, परिहासात्, अथवा छलात् अपि अतिगर्हितम्, परद्रव्यापहरणम्, न कार्यम्।

(अर्थः) अज्ञान से, लोभ से, मजाक से, अथवा छल से भी अतिशय निन्दनीय ऐसा दूसरों के द्रव्य का अपहरण न करें।

[मूल] मार्गे यत्पतितं दृष्टं तथैवान्येन विस्मृतम्।
निक्षेपस्थापितं वापि चौरैरपहृतं च यत्॥३५॥(१.३५)

[मूल] सुवर्णं रौप्यमन्नं वा धातुभाण्डं तथा धनम्।
परकीयं तृणाद्यन्यत् करेणाऽपि न संस्पृशेत्॥३६॥(१.३६)

(अन्वयः) यत् मार्गे पतितं दृष्टम्, तथा वा अन्येन विस्मृतम्, निक्षेपस्थापितम् वा यत् च चौरैः अपहृतम्, परकीयम्, सुवर्णम्, रौप्यम्, अन्नम् धातुभाण्डम् वा, तथा धनम् तृणादि अन्यत् करेण अपि न संस्पृशेत्।

(अर्थः) जो मार्ग में पडा हुआ देखा गया तथा दुसरों के द्वारा भुला हुआ, अमानत से रखा हुआ और जो चोरों के द्वारा अपरहरण किया हुआ परकीय सोना, चांदी, अन्न, या धातु का बर्तन वैसे हि धन, घास आदि अन्य(भी वस्तु) को हाथसे भी स्पर्श नहि करना चाहिए।

[मूल] करनाशा(शं) पदच्छेदं ताडनं शीर्षकर्तनम्।
प्राप्नुवन्त्यशुभं चौरास्तस्माच्चौर्यं परित्यजेत्॥३७॥(१.३७)

(अन्वयः) करनाशं, पदच्छेदम्, ताडनम्, शीर्षकर्तनम् अशुभं चौराः प्राप्नुवन्ति, तस्मात् चौर्यं परित्यजेत्।

(अर्थः) हाथों का नाश, पैरों में छेद, मारना, सिर काटना आदि अशुभता को चोर प्राप्त होते है। इसिलिए चोरी के कार्य का त्याग करें।

अथ परस्त्रीपरिहरणम्।

[मूल] अधर्ममूलं वैरस्य निदानं कलहास्पदम्।
अयशोभाजनं धर्मतरोस्तीक्ष्णकुठारकम्॥३८॥(१.३८)

[मूल] इह निन्दाकरं प्रेत्य महारौरवदायकम्।
मनसापि न कुर्वीत परस्त्रीगमनं बुधः॥३९॥(१.३९) (युग्मम्)

(अन्वयः) बुधः मनसा अपि अधर्ममूलम्, वैरस्य निदानम्, कलहास्पदम्, अयशोभाजनम्, धर्मतरोस्तीक्ष्णकुठारकम्, इह निन्दाकरम्, प्रेत्य महारौरवदायकम्, परस्त्रीगमनं न कुर्वीत।

(अर्थः) बुद्धिवाननें मनसे भी अधर्म का मूल, वैर का कारण, कलह का स्थान, अयश का आधार, धर्मरूपी वृक्ष के लिए तीक्ष्ण कुल्हाडी समान, मरणोत्तर महान ऐसे रौरव नरक को देनेवाला, इहलोक में निन्दाकर ऐसा परस्त्रीगमन नहि करना चाहिए।

[मूल] साभिलाषं परस्त्रीणामालोके सम्भवति(न्ति) हि।
यावन्तो निमिषाः कल्पांस्तावन्तो नरके वसेत्॥४०॥(१.४०)

(अन्वयः) परस्त्रीणां साभिलाषं आलोके हि यावन्तः निमिषाः सम्भवन्ति तावन्तः कल्पान् नरके वसेत्।

(अर्थः) दूसरों के स्त्री को देखने में जितना का समय जाता है उतने कल्प नरक में रहना पडता है।

[मूल] महान्तोऽपि विनश्यन्ति परस्त्रीसङ्गलोलुपाः।
महदैश्वर्ययुक्ता हि विनष्टा रावणादयः॥४१॥(१.४१)

(अन्वयः) परस्त्रीसङ्गलोलुपाः महान्तः अपि विनश्यन्ति, महदैश्वर्ययुक्ता रावणादयः हि विनष्टाः।

(अर्थः) परस्त्री के संग में आसक्त हुवे ऐसे महान(बडे)पुरुषों का भी विनाश होता है। जैसे महान ऐश्वर्य(शक्ति, सम्पत्ति) से युक्त रावण आदि भी नष्ट हुवे।

[मूल] स पण्डितः स गुणवान् सतां पूज्यः स एव हि।
अहो जगज्जितं तेन यः परस्त्रीपराङ्मुखः॥४२॥(१.४२)

(अन्वयः) यः परस्त्रीपराङ्मुखः स पण्डितः, स गुणवान्, स एव हि सतां पूज्यः, अहो तेन जगज्जितम्।

(अर्थः) जो परस्त्री से विमुख है, वह पंडित है, वह गुणवान है, वह ही सज्जनों में पूज्य है। अहो (क्या बताए) उसके द्वारा जग जिता गया।

अथ परिग्रहः।

[मूल] गृहव्यापारनिरतैः परलोकहितेप्सुभिः।
जीवद्रोहो भवेद्येन न स कार्यः परिग्रहः॥४३॥(१.४३)

(अन्वयः) गृहव्यापारनिरतैः परलोकहितेप्सुभिः स परिग्रहः न कार्यः येन जीवद्रोहः भवेत्।

(अर्थः) घर के व्यापार(कार्य)में रत,(और)परलोक के हित की इच्छा वाला वह परिग्रह(धनसङ्ग्रह) न करे जिससे जीव का द्रोह हो।

[मूल] चित्तं नैकान्ततामेति यस्माद् भूरिपरिग्रहैः।
चतुर्वर्गफलं नृणां चले चित्ते न सिद्ध्यति॥४४॥(१.४४)

(अन्वयः) यस्माद् भूरिपरिग्रहैः चित्तम् एकान्ततां न एति, चले चित्ते नृणां चतुर्वर्गफलं न सिद्ध्यति।

(अर्थः) जिस बहुत परिग्रह के द्वारा चित्त एकान्त(स्थिरता) में नहि आता है, चंचल चित्त में मनुष्य को चतुर्वर्ग का फल सिद्ध नहि होता है।

[मूल] बहुलाभेऽपि तृष्णायाः समाप्तिर्नैव दृश्यते।
अतस्तां सम्परित्यज्य भवेत्सन्तोषवान् सुखी॥४५॥(१.४५)

(अन्वयः) बहुलाभे अपि तृष्णायाः समाप्तिः न एव दृश्यते, अतः तां सम्परित्यज्य सन्तोषवान् सुखी भवेत्।

(अर्थः) बहुत लाभ से भी इच्छा की समाप्ति(तृप्ति) नहि दिखती है (होती है) इसिलिए उसका अच्छी तरह से त्याग करके सन्तोषी और सुखी हो।

अथ गृही।

[मूल] **देवतातिथिभक्तश्च दीनानाथानुकम्पकः।**
स्वदारनिरतश्चापि गृही स्याच्च दयापरः॥४६॥(१.४६)

(अन्वयः) देवतातिथिभक्तश्च, दीनानाथानुकम्पकः, स्वदारनिरतः, अपि च दयापरः च गृही स्यात्।

(अर्थः) देवता, अतिथि, भक्त, दीन और अनाथ पर अनुग्रह करने वाला, खुद की पत्नी में संतुष्ट रहने वाला और दया से युक्त ऐसा गृहस्थ होता है।

[मूल] **गुरुदेवार्चनं दानं पठनं संयमस्तपः।**
षट् कर्माणि प्रकुर्वाणो गृही मुच्येत बन्धनात्॥४७॥(१.४७)

(अन्वयः) गुरुदेवार्चनम्, दानम्, पठनम्, संयमः, तपः षट् कर्माणि प्रकुर्वाणः गृही बन्धनात् मुच्यते।

(अर्थः) गुरु और देव की पूजा, दान, पठन, संयम, तप (यह) छ कर्म करते हुवे गृहस्थ बन्धन(संसार बन्धन) से छुटता है।

[मूल] **शुचिधौताम्बरधरो गन्धमाल्यफलाक्षतैः।**
दीपनीराञ्जनैर्धूपनैवेद्यैर्देवमर्चयेत्॥४८॥(१.४८)

(अन्वयः) शुचिधौताम्बधरः, गन्धमाल्यफलाक्षतैः, दीपनीराञ्जनैर्धूपनैवेद्यैः देवम् अर्चयेत्।

(अर्थः) पवित्र, श्वेत वस्त्र को धारण करने वाला (वह) सुगन्धित द्रव्य, माला, फल, अक्षत, दीप, नीरञ्जनि, धूप, नैवेद्य आदि के द्वारा देव को पूजें।

[मूल] **नास्तिक्यलोभादियुतो निन्दकश्चानुसूयकः।**
दम्भाद्धर्माभिमानी च गृही पाप्मै(पै?)कभाजनम्॥४९॥(१.४९)

(अन्वयः) नास्तिक्यलोभादियुतः, निन्दकः, अनुसूयकः च दम्भात् धर्माभिमानी च गृही पाप्मैकभाजनम्।

(अर्थः) नास्तिक और लोभ से युक्त, निंदक और अपमानित करने वाला, दम्भसे धर्म का अभिमान धारण करने वाला गृहस्थ पाप का एकमात्र स्थान है।

अथ ब्रह्मचारी।

[मूल] **गुरुशुश्रूषको नित्यमाज्ञापालनतत्परः।**
भवेत्पठनशीलश्च ब्रह्मचारी स सत्यवाक्॥५०॥(१.५०)

(अन्वयः) गुरुशुश्रूषकः, नित्यमाज्ञापालनतत्परः, पठनशीलः, सत्यवाक् च स ब्रह्मचारी भवेत्।

(अर्थः) गुरुओं का सेवक, नित्य आज्ञा का पालन करने में तत्पर रहने वाला, अध्ययन ही जिसका स्वभाव है ऐसा, सत्य बोलने वाला वह ब्रह्मचारी होता है।

[मूल] **शरीरसंस्कारपरो नृत्यगीतादिसादरः।**
स्रगादिलोलुपश्चापि ब्रह्मचारी विनश्यति॥५१॥(१.५१)

(अन्वयः) शरीरसंस्कारपरः, नृत्यगीतादिसादरः, स्रगादिलोलुपः, च ब्रह्मचारी अपि विनश्यति।

(अर्थः) शरीरों के संस्कार से युक्त, नृत्य और गीत में आस्था रखनेवाला, माला आदि शृङ्गार में मग्न रहने वाला (ऐसा) ब्रह्मचारी विनाश को प्राप्त होता है।

अथ यती।

[मूल] **विनिर्जितेन्द्रियग्रामः सर्वजीवदयापरः।**
सर्वशास्त्रार्थदर्शी च भिक्षुर्मोक्षपदं व्रजेत्॥५२॥(१.५२)

(अन्वयः) विनिर्जितेन्द्रियग्रामः, सर्वजीवदयापरः, सर्वशास्त्रार्थदर्शी, भिक्षुः च मोक्षपदं व्रजेत्।

(अर्थः) विशेष रूप से इंद्रियों के समूह को जितनेवाला, सभी जीवों पर दया करने वाला, सभी शास्त्रों के अर्थ को जाननेवाला ऐसा भिक्षु(संन्यासी) मोक्षपद को प्राप्त होता है।

[मूल] **सर्वसङ्गविनिर्मुक्तो यती धनपरायणः।**
बकवृत्तिः स विज्ञेयश्चण्डपाखण्डदण्डभृत्॥५३॥(१.५३)

(अन्वयः) सर्वसङ्गविनिर्मुक्तः, धनपरायणः, चण्डपाखण्डदण्डभृत्, स यती बकवृत्तिः विज्ञेयः।

(अर्थः) सभी संगति से मुक्त, धन में सदैव परायण (मग्न) रहने वाला, क्रोधी, पाखंड से(दम्भ से) दंड को धारण करने वाला वह मुनि बदक की वृत्ति के समान है, ऐसा जाने।

[मूल] **आहारशुद्धिरहितो विरुद्धाचरणस्तु यः।**
मुक्तिं वाञ्छति मूढात्मा यतिधर्मं विडम्बयेत्॥५४॥(१.५४)

(अन्वयः) आहारशुद्धिरहितः, विरुद्धाचरणः तु यः मुक्तिं वाञ्छति, (स) मूढात्मा यतिधर्मं विडम्बयेत्।

(अर्थः) आहार की शुद्धि से रहित, धर्म के विरुद्ध आचरण करने वाला जो मुक्ति की इच्छा करता है, वह मूर्ख आत्मा(व्यक्ति) साधु के धर्म का उपहास करता है।

[मूल] **अथ साधारणान् धर्मान्नरदेवस्य नन्दनः।**
सङ्ग्रामो वदति श्रेष्ठान् स्वयमाचरितान् शुभान्॥५५॥(१.५५)

(अन्वयः) अथ नरदेवस्य नन्दनः सङ्ग्रामः स्वयं आचरितान्, शुभान्, श्रेष्ठान्, साधारणान्, धर्मान् वदति।

(अर्थः) अब नरदेव का पुत्र संग्राम खुद ने आचरण किया है ऐसे, शुभ, श्रेष्ठ, साधारण धर्मों को कहता है।

[मूल] **दुर्लभं मानुषं प्राप्य नयति व्यसनैस्तु यः।**
पर्वतोपलबुद्ध्यासौ चिन्तारत्नं परित्यजेत्॥५६॥(१.५६)

(अन्वयः) दुर्लभं मानुषं प्राप्य तु यः व्यसनैः नयति पर्वतोपलबुद्ध्यासौ चिन्तारत्नं परित्यजेत्।

(अर्थः) दुर्लभ ऐसे मनुष्य जन्म को प्राप्त करके जो व्यसनों के द्वारा उसको यापित करता है, वह पर्वत के पत्थर की बुद्धि से मानो चिन्तामणिरत्न को ही त्याग देता है।

[मूल] सम्पत्कुलबलैश्वर्यसुरूपत्वश्रुतादिषु।
प्रकुर्वन् गर्वमचिराल्लघुतां याति मानवः॥५७॥(१.५७)

(अन्वयः) मानवः सम्पत्कुलबलैश्वर्यसुरूपत्वश्रुतादिषु गर्वं प्रकुर्वन् लघुतां याति।

(अर्थः) सम्पत्ति, उच्चकुल, बल, प्रभुत्व, अच्छे रूप और श्रुतादि ज्ञानों में गर्व करता हुआ मनुष्य शीघ्रता से अधमता को प्राप्त होता है।

अथेन्द्रियाणि।

[मूल] जेतव्यानीन्द्रियाण्यादौ नरेण नियतात्मना।
उपेक्षितानि तान्याशु विघ्नन्ति व्याधिवत् सदा॥५८॥(१.५८)

(अन्वयः) नियतात्मना नरेण आदौ इन्द्रियाणि जेतव्यानि, तानि उपेक्षितानि आशु व्याधिवत् सदा विघ्नन्ति।

(अर्थः) संयमित आत्मा के द्वारा पहले इन्द्रियों को जितनी चाहिए। यदि उन इन्द्रियों की उपेक्षा की तो वे व्याधि की तरह सदा विनाश करती है।

[मूल] मृगो मीनः करी भृङ्गः पतङ्गः पञ्च जातयः।
शब्दादिलौल्यभावेन पञ्चत्वं यान्त्यशङ्किताः॥५९॥(१.५९)

(अन्वयः) मृगो मीनः करी भृङ्गः पतङ्गः पञ्चजातयः शब्दादिलौल्यभावेन अशङ्किताः पञ्चत्वं यान्ति।

(अर्थः) हरिण, मछली, हाथी, भ्रमर और पतङ्ग यह पांच जातिवाले शब्दादि के लोभ से निःशंक (ही) मृत्यु को प्राप्त होते है।

[मूल] एकैकमप्यनर्थाय महते महतामपि।
पञ्चापि यस्य बलवन्त्यसौ न क्षणमाश्वसेत्॥६०॥(१.६०)

(अन्वयः) एकैकम् अपि महतां महते अनर्थाय। यस्य तु असौ पञ्चापि बलवन्ति स न क्षणम् आश्वसेत्।

(अर्थः) एक एक भी बडे से बडे नाश के लिए कारण है, तो जिसके पास यह पांचों भी है उसकी क्षणभर भी स्थिति नहीं होगी।

अथ गुरुः।

[मूल] स्वधर्माचारनिरतः शास्त्रवेत्तार्थतत्त्ववित्।
निर्णेता धर्मवाक्यानामक्रोधी विजितेन्द्रियः॥६१॥(१.६१)

[मूल] लोभमोहविहीनश्च शिष्यवर्गकृपाकरः।
स्पष्टार्थवक्ता सद्धर्मोपदेष्टा गुरुरुच्यते॥६२॥(१.६२) ॥युग्मम्॥

(अन्वयः) स्वधर्माचारनिरतः, शास्त्रवेत्ता,अर्थतत्त्ववित्, धर्मवाक्यानां निर्णेता, अक्रोधी, विजितेन्द्रियः, लोभमोहविहीनः, शिष्यवर्गकृपाकरः, स्पष्टार्थवक्ता, सद्धर्मोपदेष्टा च गुरुः उच्यते।

(अर्थः) अपने धर्म के आचरण करने में मग्न, शास्त्र को जाननेवाला, तत्त्व के अर्थ को जाननेवाला, धर्मवाक्यों का योग्य निर्णय करनेवाला, अक्रोधी, इन्द्रियों को जितनेवाला, लोभमोह से विहीन, छात्र समूह पर कृपा करनेवाला, स्पष्ट अर्थ को कहनेवाला और सद्धर्म का उपदेश करनेवाला (ऐसा जो है वह) गुरु कहा जाता है।

अथोपासकः।

[मूल] अक्षुद्रः सुन्दरः पापभीरुर्लज्जादयान्वितः।
निर्गुणेषु च मध्यस्थो रागी परगुणेष्वपि॥६३॥(१.६३)

[मूल] कथकः पक्षयुक्तश्च दीर्घदर्शी च सौम्यदृक्।
वर्धिष्णुः सत्यवादी च विशेषज्ञो विवेकवित्॥६४॥(१.६४)

[मूल] उपकारी विनयवान् धीरः क्रोधविवर्जितः।
गम्भीरश्च गुणैरेतैरेकविंशतिभिर्युतः॥६५॥(१.६५)

[मूल] धर्मोपदेशपात्रं स्याद् भाग्यवानीदृशो नरः।
परीक्ष्य विधिवद्धर्मो वाच्यस्तस्मै विपश्चिता॥६६॥(१.६६)

(अन्वयः) अक्षुद्रः, सुन्दरः, पापभीरुः, लज्जादयान्वितः, निर्गुणेषु मध्यस्थः, परगुणेषु रागी च, कथकः पक्षयुक्तश्च, दीर्घदर्शी च, सौम्यदृक्, वर्धिष्णुः सत्यवादी च, विशेषज्ञो, विवेकवित्, उपकारी, विनयवान्, धीरः, क्रोधविवर्जितः, गम्भीरः एतैरेकविंशतिभिर्गुणैर्युतः ईदृशो भाग्यवान् नरः धर्मोपदेशपात्रं स्याद्, विपश्चिता विधिवद् परीक्ष्य तस्मै धर्मः वाच्यः।

(अर्थः) १) दुष्टता से रहित, २) सुन्दर, ३) पाप से डरनेवाला, ४-५)लज्जा और दया से युक्त, ६)निर्गुणिओं में मध्यस्थ और ७)परगुणों में राग करनेवाला ८)योग्य कथन करनेवाला, ९-१०) पक्ष (मातापिता का वंश) से युक्त, ११) दीर्घदृष्टिवाला, १२) सौम्यदृष्टिवाला, १३) बढनेवाला (=लोकप्रिय), १४) सत्य को कहनेवाला, १५) विशेष रूप से ज्ञानी, १६) विवेक से युक्त १७) उपकारी, १८)विनयवाला, १९) धैर्यवाला, २०) क्रोध से रहित, २१) गंभीर ये इक्कीस गुणों से युक्त (ऐसा मनुष्य उपासक होता है।) इस प्रकार भाग्यवान पुरुष धर्मोपदेश के लिए पात्र है। विद्वानों के द्वारा विधिवत् परीक्षा करके उसको धर्म कहना चाहिए।

अथ शिष्यः।

[मूल] राजवंश्योऽधिकारी वा व्यवसायी विदेशगः।
निर्धनत्वान्धकूपात्तु समुद्धार्यः सदैव हि॥६७॥(१.६७)

(अन्वयः) विदेशगः राजवंश्यः अधिकारी व्यवसायी वा निर्धनत्वान्धकूपात् तु सदैव हि समुद्धार्यः।

(अर्थः) विदेश में जानेवाले राजवंशीय, अधिकारी, व्यवसायी को निर्धनरूपी अन्धकार युक्त कुवे से सदा बाहर निकालना चाहिए।

[मूल] कस्यचित्प्रार्थनाभङ्गो नैव कार्यः स्वशक्तितः।
मदनज्वरतप्ताङ्गीं परनारिं विनानिशम्॥६८॥(१.६८)

(अन्वयः) मदनज्वरतप्ताङ्गीं परनारिं विना अनिशम् स्वशक्तितः कस्यचित् प्रार्थनाभङ्गो नैव कार्यः।

(अर्थः) कामासक्त पर स्त्री को छोडकर खुद की शक्ति से किसी की भी प्रार्थना का भंग नहीं करना चाहिए।

[मूल] धनेनान्नेन वस्त्रेण वचनेन प्रियेण वा।
अतिथिः सर्वदा पूज्यः सुशीतलजलेन वा॥६९॥(१.६९)

(अन्वयः) अतिथिः धनेन अन्नेन वस्त्रेण वा प्रियेण वचनेन वा सुशीतलजलेन सर्वदा पूज्यः।

(अर्थः) धन के द्वारा, अन्न के द्वारा, वस्त्र के द्वारा, प्रियवचन के द्वारा अथवा शीतलजल के द्वारा अतिथि की सदा पूजा करनी चाहिए।

[मूल] अतिथिर्विमुखो याति गृहात्तु गृहमेधिनः।
तस्य तद्दिनजं पुण्यं गृहित्वैव प्रयात्यसौ॥७०॥(१.७०)

(अन्वयः) गृहमेधिनः तु गृहात् अतिथिः विमुखो याति तस्य तद्दिनजं पुण्यं गृहित्वैव असौ प्रयाति।

(अर्थः) किन्तु गृहस्थ के घर से जो अतिथि विमुख(खाली हाथ) जाता है वह उस गृहस्थ के उस दिन का पुण्य लेकर ही जाता है।

[मूल] शुकपारापतश्येनमार्जारशुनकानपि।
वन्यानथ मृगादींश्च क्रीडार्थं नैव पालयेत्॥७१॥(१.७१)

(अन्वयः) अथ शुकपारापतश्येनमार्जारशुनकान्, वन्यान् मृगादिंश्च अपि क्रीडार्थं नैव पालयेत्।

(अर्थः) तोता, कबूतर,बाज, बिल्ली, कुत्ता आदि को और वन्य हरिण आदि को खेलने के लिए(मनोरंजन के लिए) नहीं पालना चाहिए।

[मूल] सा क्रीडा नैव कर्तव्या जीवद्रोहो भवेद्यया।
निन्दितः पापहेतुत्वाज्जीवद्रोहः स्वकामतः॥७२॥(१.७२)

(अन्वयः) यया जीवद्रोहो भवेत् सा क्रीडा नैव कर्तव्या स्वकामतः जीवद्रोहः पापहेतुत्वात् निन्दितः।

(अर्थः) जिस के द्वारा जीवद्रोह(जीव का नाश) होता है वह क्रीडा नहीं करनी चाहिए। खुद की इच्छा से किया हुआ जीवद्रोह पाप का कारण होने से निन्दित है।

[मूल] दया धर्मतरोर्मूलं क्षमा विज्ञानशाखिनः।
गुणानां विनयो मूलं नाशमूलं सगर्वता॥७३॥(१.७३)

(अन्वयः) धर्मतरोर्मूलं दया, विज्ञानशाखिनः क्षमा, गुणानां मूलं विनयः, नाशमूलं, सगर्वता।

(अर्थः) धर्म रूपी वृक्ष का मूल दया है, ज्ञान रूपी वृक्ष का मूल क्षमा है, गुणों का मूल विनय है और नाश का मूल गर्व है।

[मूल] दुराचारपरो धृष्टः पुण्यवन्तं विनिन्दति।
नूनं कलेः प्रभावोऽयं विद्वान्मूर्खेण जीयते॥७४॥(१.७४)

(अन्वयः) दुराचारपरो धृष्टः पुण्यवन्तं विनिन्दति नूनं कलेः प्रभावः अयं विद्वान् मूर्खेण जीयते।

(अर्थः) दुराचार से युक्त कपटी(विश्वासघाती) पुरुष पुण्यवान् पुरुष की निन्दा करता है। सच में कलियुग का यह प्रभाव है (जो)विद्वान् मूर्ख के द्वारा जीता जाता है।

अथ मातापितरौ।

[मूल] श्रेयस्कारि मनोहारि नित्यमानन्ददायि च।
दुर्लभं मानुषे लोके पित्रोः सन्दर्शनं महत्॥७५॥(१.७५)

(अन्वयः) मानुषे लोके श्रेयस्कारि मनोहारि नित्यम् आनन्ददायि च पित्रोः सन्दर्शनं महत् दुर्लभम्।

(अर्थः) मनुष्य लोक में श्रेयस्कारी, मन का हरन करने वाले, सदा आनन्द को देनेवाले ऐसे माता पिता का सत्दर्शन बहुत ही दुर्लभ है।

[मूल] सर्वतीर्थमयौ ज्ञेयौ पितरौ पुण्यरूपिणौ।
तयोराज्ञां विना पुत्रो नैव तीर्थान्तरं व्रजेत्॥७६॥(१.७६)

(अन्वयः) पुण्यरूपिणौ पितरौ सर्वतीर्थमयौ ज्ञेयौ तयोः आज्ञां विना पुत्रः तीर्थान्तरं नैव व्रजेत्।

(अर्थः) पुण्यस्वरूप माता-पिता सर्व तीर्थस्वरूप है ऐसा जानना चाहिए। उनकी आज्ञा के विना पुत्र को अन्य तीर्थ को नहीं जाना चाहिए।

[मूल] पितरौ चेदनादृत्य मूर्खस्तीर्थपथं व्रजेत्।
हस्ताच्चिन्तामणिं त्यक्त्वा दूरस्थं काचमञ्चति॥७७॥(१.७७)

(अन्वयः) पितरौ अनादृत्य चेत् (यः) मूर्खस्तीर्थपथं व्रजेत्, (सः) हस्तात् चिन्तामणिं त्यक्त्वा दूरस्थं काचमञ्चति।

(अर्थः) यदि माता पिता का अनादर करके (जो) मूर्ख तीर्थ को जाता है (वह) हाथ से चिन्तामणि(चिन्तामणि रूपी रत्न) का त्याग करके दूर में स्थित काँच की इच्छा करता है।

[मूल] **यो न वेत्ति नरः कार्येष्वन्तरं पुण्यपाप्मनोः।**
चतुरः पण्डितम्मन्योऽप्यसतामग्रणीस्तु सः॥७८॥(१.७८)

(अन्वयः) यो नरः पुण्यपाप्मनोः कार्येषु अन्तरं न वेत्ति सः पण्डितम्मन्यः चतुरः अपि तु असताम् अग्रणीः।

(अर्थः) जो मनुष्य पुण्य और पाप के कार्यों में भेद या अन्तर को नहीं जानता वह खुद को पंडित माननेवाला चतुर होते हुवे भी दुर्जनों में अग्रेसर है।

[मूल] **जगदीशमहीपालगुरूणामपि सर्वदा।**
आज्ञाभङ्गं प्रकुर्वाणो नरो भवति किल्बिषी॥७९॥(१.७९)

(अन्वयः) अपि सर्वदा जगदीशमहीपालगुरूणाम् आज्ञाभङ्गं प्रकुर्वाणः नरः किल्बिषी भवति।

(अर्थः) सदैव जग के ईश्वर, राजा और गुरुओं की आज्ञा का भंग करता हुआ पुरुष पापी होता है।

[मूल] **व्यवहारेऽधिकारे वा न कुर्यात्कौतुकेष्वपि।**
जटिलिङ्गिद्विजातीनां कपटोद्घाटनं सुधीः॥८०॥(१.८०)

(अन्वयः) सुधीः व्यवहारे अधिकारे वा कौतुकेषु जटिलिङ्गिद्विजातीनां कपटोद्घाटनं न कुर्यात्।

(अर्थः) बुद्धिमान व्यक्ति को व्यवहार में, अधिकार में अथवा स्तुति में जटाधारी,लिङ्गि और ब्राह्मणों के रहस्य का उद्घाटन नहीं करना चाहिए।

[मूल] **वृथा परापवादादिकथाभिः पिशुनैः समम्।**
धर्मस्य समयो नैवाऽतिवाह्यः शुद्धबुद्धिना॥८१॥(१.८१)

(अन्वयः) शुद्धबुद्धिना पिशुनैः समं वृथा परापवादादिकथाभिः धर्मस्य समयो नैवाऽतिवाह्यः।

(अर्थः) शुद्धबुद्धिवाले लोगों के द्वारा कपट के समान व्यर्थ दुसरों की निन्दा इत्यादि के द्वारा धर्म के समय का अतिक्रमण नहीं करना चाहिए।

[मूल] **देवे गुरौ धर्मशास्त्रे कपटं नाचरेद् बुधः।**
भाव्यं विशुद्धभावेन तेष्वादरवता सदा॥८२॥(१.८२)

(अन्वयः) बुधः देवे गुरौ धर्मशास्त्रे कपटं नाचरेद्, तेषु सदा विशुद्धभावेन आदरवता भाव्यम्।

(अर्थः) बुद्धिमान लोग को देव में, गुरुजनों में और धर्मशास्त्रों में कपट को नहीं करना चाहिए। उसमें सदैव शुद्धभावना के द्वारा आदरयुक्त रहना चाहिए।

[मूल] **तपस्विगुरुदेवर्षियोगिभिश्च समं क्वचित्।**
नैव वैरवता भाव्यं नरेण शुभमिच्छता॥८३॥(१.८३)

(अन्वयः) शुभं इच्छता नरेण तपस्विगुरुदेवर्षियोगिभिः च समं क्वचित् वैरवता नैव भाव्यम्।

(अर्थः) शुभ की इच्छा करने वाले पुरुष के द्वारा तपस्वी, गुरु, देव, ऋषि और योगिओं के साथ कभी भी वैरयुक्त नहीं रहना चाहिए।

[मूल] अनुरागश्च दयायामिन्द्रियवर्गस्य सन्ततं दमनम्।
वाच्यं वचनं सत्यं, त्वेतद्धर्मस्य हि रहस्यम्॥८४॥(१.८४) (आर्या)

(अन्वयः) दयायां अनुरागः, सन्ततम् च इन्द्रियवर्गस्य दमनम्, सत्यं तु वचनं वाच्यं हि एतद् धर्मस्य रहस्यम्।

(अर्थः) दया में आसक्ति, सदा इन्द्रिय के समूह का दमन(निरोध), सत्य वचन को कहना यह धर्म का रहस्य है।

[मूल] शीलं न खण्डनीयं, न सन्निवासः समं कुशीलैश्च।
गुरुवचनाद्यस्खलनं, धर्मस्यायं हि परमार्थः॥८५॥(१.८५) (आर्या)

(अन्वयः) शीलं न खण्डनीयम्, कुशीलैः च समं न सन्निवासः, गुरुवचनाद् अस्खलनं धर्मस्य अयं हि परमार्थः।

(अर्थः) शील का खंडन न होने देना, दुष्टाचारिओं के साथ न रहना और गुरुवचन का भंग न करना यही धर्म का परमार्थ है।

[मूल] सुजन्म विमले कुले नृपतिसद्मसन्मान्यता।
मुहुः प्रियसमागमोद्भवसुखं च लक्ष्मीः स्थिरा।
शशाङ्कधवलं यशः सदसि वाक्पटुत्वं नृणाम्।
दिशत्यनिशमर्जितः सुकृतकल्पवृक्षः फलम्॥८६॥(१.८६) (पृथ्वी)

(अन्वयः) विमले कुले सुजन्म, नृपतिसद्मसन्मान्यता, मुहुः प्रियसमागमोद्भवसुखं च स्थिरा लक्ष्मीः, शशाङ्कधवलं यशः, सदसि वाक्पटुत्वं नृणां दिशत्यनिशं अर्जितः सुकृतकल्पवृक्षः फलम्।

(अर्थः) पवित्र कुल में अच्छा जन्म, राजा के दरबार में सम्मान, बार बार प्रिया के समागम से उत्पन्न होनेवाला सुख और स्थिर लक्ष्मी, चन्द्रमा की धवलता के समान यश, विद्वानों की सभा में वाक्पटुता इस प्रकार मनुष्यों को प्राप्त किए हुए सुकृत रूपी कल्पवृक्ष फल देता है।

[मूल] गौरा भाति च यस्य गौरवगुणैर्विश्वम्भरेवापरा
रत्नालङ्कृतिसोज्ज्वलाखिलपरस्त्रीसोदरस्य प्रिया।
शृङ्गारादिरसेन कान्तसुभगा सङ्ग्रामसिंहस्य धी-
सिन्धौ धर्मतरङ्ग एष शुभदस्त्वाद्योऽनव-द्योऽभवत्॥८७॥(१.८७)

(अन्वयः) यस्य च अखिलपरस्त्रीसोदरस्य रत्नालङ्कृतिसोज्ज्वला गौरवगुणैः अपरा विश्वम्भरा इव शृङ्गारादि-रसेन कान्तसुभगा प्रिया गौरा भाति (तस्य) सङ्ग्रामसिंहस्य धीसिन्धौ एष शुभदः आद्यः अनवद्यः धर्मतरङ्गः अभवत्।

(अर्थः) परस्त्री के भाइ समान जिसकी रत्न और अलङ्कार से उज्ज्वल, गौरवगुण से दूसरी पृथ्वी के समान, शृङ्गारादि रसों से कान्त और सुभग गौरा नामक पत्नी है उस सङ्ग्रामसिंह विरचित बुद्धिसागर ग्रंथ में पहला निर्दोष धर्मतरङ्ग (पूर्ण) हुआ।

इति श्रीसङ्ग्रामसिंहविरचिते बुद्धिसागरे धर्मतरङ्गः प्रथमः॥१॥

[द्वितीयो नयतरङ्गः]

[मूल] **जयति जगत्त्रयजननी देवी वाग्वादिनी जगद्वन्द्या।**
यत्स्मरणाभरणौघैः कविता कमनीयतां याति॥८८॥(२.१)

(अन्वयः) यत् स्मरणाभरणौघैः कविता कमनीयतां याति (सा) जगद्वन्द्या, जगत्त्रयजननी, वाग्वादिनी देवी जयति।

(अर्थः) जिसके स्मरण रूप आभरण से काव्य चाहने योग्य होता है ऐसी जगत की वन्दनीय, तीनों लोक की जननी सरस्वती देवी विजयी हो।

[मूल] **श्रीवीतरागपदपङ्कजचञ्चरीको वाग्वादिनीचरणचिन्तनचित्तवृत्तिः।**
सङ्ग्रामनामकविकल्पतरुः करोति, धीसागरं नयतरङ्गकरम्बितार्थम्॥८९॥(२.२)

(अन्वयः) श्रीवीतरागपदपङ्कजचञ्चरीकः, वाग्वादिनीचरणचिन्तनचित्तवृत्तिः, सङ्ग्रामनामकविकल्पतरुः नयतरङ्गकरम्बितार्थं धीसागरं करोति।

(अर्थः) श्री महावीर के चरणरूपी कमल के भ्रमर के समान, सरस्वती के स्वरूप का चिन्तन करने में चित्तवृत्तिवाला, संग्राम नामक कविश्रेष्ठ नय रूपी तरंगों से मिश्रित विषयवाले बुद्धिसागर की रचना करता है।

[मूल] **युक्तं समौ सज्जनदुर्जनावुभौ यतो भवेतां खलु पापहारिणौ।**
सन्दर्शनात् संसदि दोषवादात्तच्चित्रमेको गतिमेति नापरः॥९०॥(२.३)

(अन्वयः) सज्जनदुर्जनौ उभौ समौ (इति) युक्तं, यतः संसदि सन्दर्शनात् दोषवादात् पापहारिणौ खलु भवेताम्, एको गतिमेति नापरःतच्चित्रम्।

(अर्थः) सज्जन और दुर्जन समान है यह बात सही है क्यों कि (सज्जन) दर्शन से पाप का हरण करता है और (दुर्जन) सभा में (हमारे) दोष कहकर पाप का हरण करता है। आश्चर्य केवल इस बात का है कि- एक (सज्जन) गति (सद्गति) को प्राप्त करता है और दूसरा गति (सद्गति) को प्राप्त नहि करता है।

[मूल] **सुवर्णालङ्कृता शुद्धा स्वदेशीयकवेः कृतिः।**
सुवृत्तापि गृहस्त्रीव दुर्वृत्तेभ्यो न रोचते॥९१॥(२.४)

(अन्वयः) स्वदेशीयकवेः सुवर्णालङ्कृता, सुवृत्ता शुद्धा अपि कृतिः दुर्वृत्तेभ्यो (नरेभ्यः) गृहस्त्रीव न रोचते।

(अर्थः) शिथिल चारित्रवाले पुरुषों को अपनी सोने से अलंकृत , शुद्ध और सच्चारित्रसंपन्न स्त्री भी अच्छी नही लगती। उसी तरह शिथिल कवि को अपने देश के कवि की अच्छे शब्दों से अलंकृत , दोषरहित और अच्छे वृत्तों में बद्ध कविता भी अच्छी नही लगती।

[मूल] अथ सङ्ग्रामसिंहोऽसौ दुर्जनेऽपि दयापरः।
नृपोद्देशेन कुरुते हितं सर्वजनेष्वपि॥९२॥(२.५)

(अन्वयः) अथ दुर्जनेऽपि दयापरः असौ सङ्ग्रामसिंहो नृपोद्देशेन सर्वजनेषु अपि हितं कुरुते।

(अर्थः) दुर्जन पर भी दया करने वाला ऐसा यह संग्रामसिंह, राजा के उद्देश्य से सभी जनों में हित(कल्याण) को करता है।

[मूल] सङ्ग्रामोक्तहितैर्येषां न गता दुष्टचित्तता।
तरणेः किरणैर्घूको दिवान्धः कस्य दोषतः॥९३॥(२.६)

(अन्वयः) सङ्ग्रामोक्तहितैः येषां दुष्टचित्तता न गता तरणेः किरणैः घूकः दिवान्धः कस्य दोषतः?

(अर्थः) संग्राम के द्वारा कहे गए हितों से जिनकी दुष्टचित्तता नही गयी वहाँ किस का दोष हैं? जिस प्रकार सूर्य का प्रकाश होते हुए भी दिन में उल्लू अंधा है वहां किस का दोष हैं?

[मूल] धर्मेण राज्यलाभः स्याद्राज्यवृद्धिर्नयेन च।
अतोऽत्र नयरत्नानां पद्धतिं चतुरोचिताम्॥९४॥(२.७)

[मूल] नरदेवहितां रम्यां सङ्ग्रामैकजयप्रदाम्।
विश्वोपकारिणीं शुद्धां सङ्क्षेपाद्रचयत्यसौ॥९५॥(२.८) ॥युग्मम्।

(अन्वयः) धर्मेण राज्यलाभः नयेन राज्यवृद्धिः च स्यात्, अतः अत्र सङ्क्षेपात् चतुरोचितां नरदेवहितां रम्यां सङ्ग्रामैकजयप्रदां विश्वोपकारिणीं नयरत्नानां शुद्धां पद्धतिम् असौ रचयति।

(अर्थः) धर्म से राज्यलाभ और नीति से राज्य की वृद्धि होती है अतः संक्षेप से विद्वानों के योग्य, मनुष्यदेवों के हितवाली, रमणीय, युद्ध में विजय को देनेवाली, विश्व पर उपकार करनेवाली विशुद्ध ऐसी नीतिरत्न की पद्धति की(यह संग्रामसिंह) रचना करता है।

अथ राजा।

[मूल] राजा राज्ञी कुमारश्च मन्त्रिणश्चाधिकारिणः।
प्रजेत्युक्तक्रमाणां च विधेयमधुनोच्यते॥९६॥(२.९)[१]

(अन्वयः) राजा, राज्ञी, कुमारश्च मन्त्रिणः, अधिकारिणः च प्रजेत्युक्तक्रमाणां च अधुना विधेयम् उच्यते।

(अर्थः) राजा, रानी, कुमार, मंत्री, अधिकारी और प्रजा इस क्रम से विधेय (क्या करना चाहिए इसको) को अब कहते है।

[मूल] राजा वृद्धोपसेवी स्याद्दक्षो नात्युग्रदण्डकृत्।
अदीनवचनः शूरो धर्मी षाड्गुण्यवित्सुधीः॥९७॥(२.१०)

---

१. अयं श्लोकः हस्तप्रतिषु न दृश्यते-को२०००८, को१५९३२, ओ २८७८

(अन्वयः) वृद्धोपसेवी, नात्युग्रदण्डकृत्, दक्षः, अदीनवचनः, शूरः, धर्मी, षाड्गुण्यवित्, सुधीः राजा स्याद्।

(अर्थः) वृद्धों की सेवा करनेवाला, अधिक कठोर दण्ड को न करनेवाला, जागरूक, दीन वचनों से रहित, शूरवीर और धार्मिक इन छह गुणों को जाननेवाला बुद्धिमान् राजा होता है।

[मूल] परीक्ष्यकारी सोत्साहो रिपुरन्ध्रैकदृष्टिदः।
वृद्धिव्ययविचारज्ञः स्मरत्युपकृतं च यः॥९८॥(२.११)

[मूल] दृढप्रतिज्ञो मेधावी शक्तित्रयसमन्वितः।
अकर्णदुर्बलो यायी, ह्यसन्तोषी रिपोर्जये॥९९॥(२.१२)

[मूल] सर्वव्यसननिर्मुक्तो युद्धविद्यादिभिः सदा।
विभक्तकालः सर्वत्र सावधानः प्रियंवदः॥१००॥(२.१३)

[मूल] यत्नवानात्मरक्षासु गूढमन्त्रः प्रतापवान्।
सुगुप्तरागरोषश्च भृत्येष्वननुसूचकः॥१०१॥(२.१४) ॥चतुर्भिः कुलकम्।

(अन्वयः) परीक्ष्यकारी, सोत्साहः, रिपुरन्ध्रैकदृष्टिदः, वृद्धिव्ययविचारज्ञः, उपकृतं च यः स्मरति, दृढप्रतिज्ञः, मेधावी, शक्तित्रयसमन्वितः, अकर्णदुर्बलः, यायी, रिपोर्जये ह्यसन्तोषी, सर्वव्यसननिर्मुक्तः, सर्वत्र सावधानः, प्रियंवदः, सदा युद्धविद्यादिभिः विभक्तकालः, आत्मरक्षासु यत्नवान्, गूढमन्त्रः, प्रतापवान्, भृत्येषु अननुसूचकः, सुगुप्तरागरोषः च (राजा भवति)।

(अर्थः) निरीक्षण करके कार्य करनेवाला, उत्साहसंपन्न, शत्रु की निश्चित त्रुटि को(बल रहित स्थान को) देखनेवाला, जमाखर्च(आय-व्यय) का विचार करनेवाला, उपकार का स्मरण करनेवाला, प्रतिज्ञापरायण, तीन प्रकार की शक्ति (धनशक्ति, सैन्यशक्ति, बुद्धिशक्ति) से युक्त, अकर्णदुर्बल, (प्रजा के बीच) जानेवाला, शत्रु को जितने के लिये असंतोषी रहनेवाला, सभी प्रकार के व्यसनों से मुक्त, सदैव सावधान रहनेवाला, प्रिय वचन कहनेवाला और युद्धविद्या आदि में समय को बांटनेवाला, आत्मरक्षा में तत्पर, गूढ मंत्रणावाला, प्रतापी,सेवक को बार बार सूचना न देनेवाला, जिसका आनंद और क्रोध गुप्त है वह राजा है।

[मूल] यामे च पश्चिमे नित्यं वेणुवीणादिजैः स्वनैः।
गीतवाद्यैश्च विविधैः प्रबुद्धः शयनं त्यजेत्॥१०२॥(२.१५)

(अन्वयः) नित्यं पश्चिमे यामे वेणुवीणादिजैः स्वनैः विविधैः गीतवाद्यैः च प्रबुद्धः(राजा) शयनं त्यजेत्।

(अर्थः) प्रतिदिन रात के अन्तिम प्रहर में वेणुवीणादि के (मधुर) ध्वनि से, विविध प्रकार के गीतवाद्यों के द्वारा प्रबुद्ध ऐसा राजा निद्रा(शयनासन) को त्याग दे।

[मूल] कृतदेहविशुद्धिश्च गतालस्यो जितेन्द्रियः।
संस्मृत्य परमात्मानं जगत्कर्तारमव्ययम्॥१०३॥(२.१६)

[मूल] संसारसिन्धुतरणे सेतुमव्यक्तरूपिणम्।
इति यश्चिन्तयेन्नित्यं चरचारुविलोचनः॥१०४॥(२.१७)

[मूल] **अधिकारनियुक्तानां मध्ये को हितकारकः?।**
को दण्ड्यः? कश्च पूजार्हः? प्रेषणीयोऽस्ति कः क्वचित्?॥१०५॥(२.१८)

[मूल] **कस्मिन् देशे च गन्तव्यम्? कः शत्रुः? किं बलं मम?।**
कोशे राज्यतरोर्मूले का वृद्धिः? को व्ययो दिने?॥१०६॥(२.१९) (चतुर्भिः कुलकम्)

(अन्वयः) कृतदेहविशुद्धिः, गतालस्यः, जितेन्द्रियः, चरचारुविलोचनः यः (स) संसारसिन्धुतरणे अव्यक्तरूपिणं सेतुं जगत्कर्तारम्, अव्ययम् परमात्मानं संस्मृत्य अधिकारनियुक्तानां मध्ये को हितकारकः?, को दण्ड्यः?, कश्च पूजार्हः?, कः क्वचित् प्रेषणीयोऽस्ति?, कस्मिन् देशे च गन्तव्यम्?, कः शत्रुः?, किं बलं मम?, राज्यतरोः मूले कोशे का वृद्धि?, को व्ययो दिने? इति नित्यं चिन्तयेत्।

(अर्थः) जिसने देह की शुद्धि की है, जिसका आलस गया है, जिसने इंद्रियों को जिता है, गुप्तचरों में जिसकी अच्छी आखें है ऐसा, जो संसार रूपी सागर को तरने के लिए सेतु समान,जगत के कर्ता, अव्यक्तरूपी, जिसका कभी नाश होता नहीं ऐसे परमात्मा का स्मरण करके अधिकारनियुक्ति में कौन हितकारक है?, कौन दण्डनीय है?, कौन पूजा योग्य है?, कौन कहा भेजने योग्य है? और कौन से देश में जाना चाहिए?, शत्रु कौन है?, मेरा बल क्या है?, राज्यरूपी वृक्ष के मूल ऐसे कोश में वृद्धि कैसे (होगी)?, दिन में व्यय क्या हैं? इस प्रकार नित्य चिंतन करना चाहिए।

[मूल] **सुज्ञातं भक्षयेद्दन्तकाष्टं प्रातरुदङ्मुखः।**
मुकुरादौ मुखं दृष्ट्वा पञ्चाङ्गश्रवणं ततः॥१०७॥(२.२०)

(अन्वयः) प्रातः उदङ्मुखः सुज्ञातं दन्तकाष्ठं भक्षयेत्, ततः मुकुरादौ मुखं दृष्ट्वा पञ्चाङ्गश्रवणम्।

(अर्थः) सुबह पश्चिम दिशा में मुख करके अच्छी तरह से जानकर दंतकाष्ठ का भक्षण करे, उसके बाद आयने में मुख को देखकर पंचांग का श्रवण करें।

[मूल] **पञ्चाङ्गं प्रातरुत्थाय यः शृणोति नराधिपः।**
दुर्दशा दुर्यशो नश्येत्तस्य दुःस्वप्नजं फलम्॥१०८॥(२.२१)

(अन्वयः) यः नराधिपः प्रातः उत्थाय पञ्चाङ्गं शृणोति, तस्य दुःस्वप्नजं फलं दुर्दशा दुर्यशः नश्येत्।

(अर्थः) जो नराधिप सुबह उठकर पंचांग सुनता है उसका दुष्ट स्वप्न से उत्पन्न हुआ फल, दुर्दशा, दुष्ट कीर्ति नष्ट होती है।

[मूल] **प्राणाचार्यवचः कुर्यान्नित्यदानं वितीर्य च।**
विनीतवेषाभरणस्ततो धर्मसभां विशेत्॥१०९॥(२.२२)

(अन्वयः) प्राणाचार्यवचः कुर्यात्, विनीतवेषाभरणः नित्यदानं वितीर्य, ततः च धर्मसभां विशेत्।

(अर्थः) प्राण के समान आचार्य की आज्ञा का पालन करें, विनीत वेशाभरण किया हुआ(राजा) नित्य दान को देकर धर्म सभा में प्रवेश करे।

[मूल] सुदृष्टिदानसन्मानैः शुभसम्भाषणेन च।
नियोगांश्चैव कार्येषु सर्वान् सम्मानयेत्क्रमात्॥११०॥(२.२३)

(अन्वयः) सृदृष्टिदानसन्मानैः शुभसम्भाषणेन च कार्येषु क्रमात् सर्वान् नियोगान् सम्मानयेत्।

(अर्थः) अच्छी दृष्टि से, दान से, सन्मान से और शुभ संभाषण से क्रम से कार्यों में नियोगीओं का सन्मान करना चाहिए।

[मूल] स्वराष्ट्रे परराष्ट्रे च मित्रे शत्रौ चरेष्वपि।
मन्त्रिणाऽऽलोचयेत्सर्वं कार्यजातं महीपतिः॥१११॥(२.२४)

(अन्वयः) महीपतिः स्वराष्ट्रे परराष्ट्रे मित्रे शत्रौ च चरेषु अपि मन्त्रिणा सर्वं कार्यजातम् आलोचयेत्।

(अर्थः) राजा ने खुद के राष्ट्र के विषय में, दुसरे राष्ट्र के विषय में, मित्र के विषय में, शत्रु के विषय में, और गुप्तचरों के विषय में मंत्री के साथ सभी कार्य समूह का अवलोकन करना चाहिए।

[मूल] परेङ्गितज्ञो धीरश्च मेधावी वाक्पटुस्तथा।
प्राज्ञो यथोक्तवादी च चरो दुर्लक्षवेषवित्॥११२॥(२.२५)

(अन्वयः) परेङ्गितज्ञः, धीरः, मेधावी, वाक्पटुः च तथा प्राज्ञः, यथोक्तवादी, दुर्लक्षवेषवित् च चरः (भवति)

(अर्थः) दुसरों के इरादे (आंतरिक विचार)जानने वाला, धीर, बुद्धिमान्, बोलने में प्रविण, विद्वान्, जैसा है वैसे बोलने वाला और दूसरा पहचान न सके ऐसे वेष को धारण करने वाला ऐसा चर (होता है।)

[मूल] क्रूरं स्तब्धमसन्तुष्टं सालस्यं मुखरं शठम्।
अभक्तं तु त्यजेद् भृत्यं पालयेत्तमनीदृशम्॥११३॥(२.२६)

(अन्वयः) क्रूरम्, स्तब्धम्, असन्तुष्टम्, सालस्यम्, मुखरम्, शठम्, अभक्तं तु त्यजेत् (यः) अनीदृशं (तं) भृत्यं पालयेत्।

(अर्थः) क्रूर, मंद, असंतुष्ट, आलसी, वाचाल, धूर्त और अभक्त ऐसे (नोकर) का त्याग करो। जो ऐसा नही है उस का पालन करना चाहिए।

[मूल] दुष्टदण्डः साधुपूजा कोशवृद्धिर्नयेन च।
अपक्षपातः सद्रक्षा नृपाणां यज्ञपञ्चकम्॥११४॥(२.२७)

(अन्वयः) दुष्टदण्डः, साधुपूजा, नयेन कोशवृद्धिः, अपक्षपातः, सद्रक्षा च नृपाणां यज्ञपञ्चकम्।

(अर्थः) दुष्टों के लिए दंड, साधु की पूजा, नीति से कोश की वृद्धि, भेदभाव न करना, और सत्य की रक्षा करना ये राजाओं के पांच यज्ञ हैं।

[मूल] मृगया द्युतपानानि गर्हितानि त्यजेन्नृपः।
तेभ्यो विपदमापन्नाः पाण्डुनैषधवृष्णयः॥११५॥(२.२८)

(अन्वयः) नृपः मृगया, गर्हितानि द्यूतपानानि त्यजेत्, तेभ्यः पाण्डुनैषधवृष्णयः विपदम् आपन्नाः।

(अर्थः) राजा को शिकार, निंदित ऐसी द्यूतक्रीडा, सुरापान (आदि) का त्याग करना चाहिए। उससे युधिष्ठिर, नल और यादव संकट को प्राप्त हो गए थे।

[मूल] अभ्यासः सर्वदा कार्यः सर्वविद्यासु पार्थिवैः।
राजा सर्वकलायुक्तः शशाङ्क इव शोभते॥११६॥(२.२९)

